




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 174 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 8 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### हर दो माह में बदल जाएंगे राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसीकर्मी

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसीकर्मियों को हर दो माह में बदला जाएगा। राम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा शासन के निर्देश पर उप्र विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) कर रहा है। इसकी स्थापना के बाद से कोई भर्ती ही नहीं हुई है। ऐसे में पीएसी के जवानों को लेकर काम चलाया जा रहा है। हाल ही में सुरक्षा में तैनात पीएसीकर्मियों ने तीन साल तक लगातार तैनाती की वजह से टीए-डीए नहीं मिलने की समस्या उठाई थी। ऐसे में कार्यदक्षता, व्यावसायिक क्षमता प्रभावित होने और मनोबल गिरने की बात कही गई थी, जिसके बाद डीजीपी ने हर दो माह में पीएसी बल को परिवर्तित करने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में पीएसी की 8 कंपनी यूपीएसएसएफको दी गई हैं। मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे विशेष सुरक्षा बल एवं पीएसी के अधिकारियों और कर्मचारियों का मासिक सम्मेलन 28 फरवरी को यूपीएसएसएफकी अयोध्या स्थित छठवीं वाहिनी में हुआ था, जिसमें उठाई गई समस्याओं से पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया गया था।

इसके बाद डीजीपी ने अयोध्या में तैनात 8 कंपनियों को एक दल को दूसरे दल से प्रत्येक दो माह में परिवर्तित करने का अनुमोदन कर दिया। इसपर एडीजी यूपीएसएसएफ एलवी एंटनी देव कुमार ने आदेश दिया कि कंपनियों को परिवर्तित करने से पहले छह दिन का इंडक्शन कोर्स (कैप्सूल कोर्स) भी कराया जाएगा।

इसके अलावा सुरक्षा शाखा भी इन कर्मियों को दो दिन का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसके जरिये सुरक्षाकर्मियों को कंट्रोल रूम ड्यूटी, वीआईपी एवं वीवीआईपी ड्यूटी, क्यूआरटी ड्यूटी, प्रसाद वितरण, पिकेट बैरियर ड्यूटी, स्वचलित हथियारों का इस्तेमाल, सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट की जानकारी दी जाएगी।

### अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर रिलीज हुआ पुष्पा 2 का टीजर, खास अवतार में दिखे

**मुंबई (एजेंसी)।** साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का आज जन्मदिन है और इस खास मौके पर उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी हो गया है। टीजर में अल्लू एक बार फिर पुष्पा राज बनकर फैंस का दिल जीत रहे हैं। रिलीज के साथ ही 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और इसे दर्शकों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया भी मिल रही है। इस टीजर में अभिनेता बेहद अलग लुक में नजर आ रहे हैं।

'पुष्पा 2: द रूल' के 1 मिनट 8 सेकंड के टीजर में अभिनेता ने अपने पैरों में घुंघरू, कानों में झुमका, आंखों में काजल लगाया हुआ है। इसके अलावा इस बार पुष्पा राज का लुक भी काफी बदला हुआ है। टीजर में अभिनेता साड़ी पहने, त्रिशूल हाथ में लेकर दुश्मनों से लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म का यह धांसू टीजर प्रशंसकों के रोंगटे खड़े कर दे रहा है।

बता दें पुष्पा के पहले पार्ट के आखिरी सीन में पुष्पा-श्रीवल्ली की शादी और इससे पहले शेखावत (फहाद फाजिल) संग हुई जुबानी जंग देखने को मिली, जो अब सीक्वल में बदले की आग में बदलती दिख रही है। 'पुष्पा 2: द रूल' के टीजर में भी मेकर्स ने अल्लू अर्जुन का बेहद अलग अवतार तो दिखाया है, लेकिन अभी भी उनके इस खास लुक के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

# तिकड़ी के बाद विराम या जीत का चौका!

## भाजपा ने लगातार तीन बार हासिल की है महासमुंद से जीत, इस बार ताम्रध्वज ने दिलचस्प बनाया मुकाबला

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** लगातार तीन चुनावों से जीत हासिल कर रही भारतीय जनता पार्टी इस बार महासमुंद क्षेत्र से जीत का चौका जड़ने को बेताब तो है, लेकिन उसे कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के रूप में मजबूत चुनौती भी मिल रही है। इस क्षेत्र को ओबीसी बाहुल्य माना जाता है। इसी जातीय समीकरण को देखते हुए दोनों दलों ने यहां से ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा से रूपकुमारी चौहान जीत का चौका लगाने मैदान में हैं तो राज्य में गृहमंत्री रह चुके ताम्रध्वज साहू ने इस चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

महासमुंद को कांग्रेस का मजबूत किला माना जाता रहा है, लेकिन पिछले लगातार तीन चुनावों से यहां भाजपाई परचम लहरा रहा है। भाजपा इस बार भी महासमुंद फतह की उम्मीद में है, जबकि कांग्रेस भी यहां से बेहतर प्रदर्शन की आस लगाए बैठी है। चुनाव प्रचार अभियान लगातार तेज़ हो रहा है तो विकास और मुद्दों को दरकिनार कर चेहरों और योजनाओं पर दांव खेला जा रहा है। भाजपा के लिए मोदी का चेहरा और मोदी का गारंटियां ही प्रमुख है, जबकि कांग्रेस भी महालक्ष्मी न्याय जैसी योजनाओं के भरोसे है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पूरे प्रदेश की ही तरह यहां भी महतारी योजना का जलवा कायम है। इसका लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितना फायदा होगा, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। अब तक के चुनावों की चर्चा करें तो यहां प्रमुख रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुकाबला होता रहा है। इस बार भी यही हालात है। विगत चुनाव में भाजपा के चुन्नीलाल साहू ने कांग्रेस के धनेन्द्र साहू को पटखनी दी थी।




### ऐसा रहा है चुनावी नजारा

2009 से लेकर अब तक के कुल तीन चुनावों में भाजपा ने महासमुंद से लगातार जीत हासिल की है। 2009 में भाजपा के चंदूलाल साहू ने कांग्रेस के मोतीलाल साहू को पराजित कर परचम लहराया था। इसके बाद 2014 के चुनाव में भाजपा के चंदूलाल साहू ने कांग्रेस के अजीत जोगी को हराकर दूसरी बार जीत हासिल की। इस चुनाव को 11 चंदूलाल साहू प्रत्याशियों के लिए भी जाना जाता है। हालांकि जीत भाजपा के ही हिस्से में आई। 2019 में भी भाजपा ने चुन्नीलाल साहू को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस से धनेन्द्र साहू मैदान में थे। इस बार भी चुन्नीलाल ने भाजपा को निराश नहीं किया। लगातार तीन जीत हासिल करने के बाद भी भाजपा ने इस बार अपना प्रत्याशी बदलकर रुपकुमारी चौहान को प्रत्याशी बनाया है। क्षेत्र के मतदाताओं के लिए इस बार दोनों दलों से नए प्रत्याशी मैदान में हैं और दोनों ही प्रत्याशी ओबीसी वर्ग से भी हैं।

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस व भाजपा में जहां बैठकों का लगातार दौर चल रहा है, वहीं हर दिन कांग्रेसी खेमे से लोग दलबदल कर भाजपा प्रवेश कर रहे हैं। देखा जाए तो महासमुंद सीट शुरू से हाईप्रोफाइल रही है। पहले यह क्षेत्र शुक्ल बंधुओं का प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता था, पर अब परिस्थितियां बदली है। वर्ष 2004 के चुनाव में यहां से दिवंगत वीसी शुक्ल आखिरी बार चुनाव लड़े थे। पराजय के बाद शुक्ल परिवार की राजनीति भी दफ्न हो गई। शुक्ल बंधुओं की पारी समाप्त होने के बाद भी यह सीट हाईप्रोफाइल बनी हुई है, क्योंकि 2004 में प्रथम मुख्यमंत्री स्व अजीत जोगी मैदान में उतरे थे। दूसरी बार वे 2014 में यहां से चुनाव लड़े, तो भाजपा के चन्दूलाल साहू से पराजित हो गए। इस बार यह सीट फिर से चर्चा में है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू मैदान में हैं। वहीं, भाजपा से राज्य की पूर्व संसदीय सचिव, बसना की पूर्व विधायक रूपकुमारी चौधरी मोर्चे पर डटी हुई हैं। यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस बीच, दल-बदल का सिलसिला भी शुरू हो गया है। भाजपा से कांग्रेस प्रवेश करने वालों की संख्या गिनी चुनी है। जबकि कांग्रेस से जिला व जनपद पंचायत के अध्यक्ष उषा पटेल, अनिता रावटे, अरुणा शुक्ला, अनामिका पाल, देवेश निषाद, नानू भाई, बादल मक्कड़ जैसे जन्मजात कांग्रेसियों ने दलबदल कर भाजपा का दामन थामा है।

### 7 बार जीते विद्याचरण

छत्तीसगढ़ की राजनीति का केन्द्र कहे जाने के पीछे महासमुंद सीट का अपना इतिहास है। कांग्रेस के दिग्गज नेता विद्याचरण शुक्ला इसी सीट से सात बार सांसद निर्वाचित हुए। इसी सीट से श्यामाचरण शुक्ल और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। वह भी इस सीट से जीत हासिल कर चुके हैं। अब तक यहां कांग्रेस का दबदबा बरकरार रहा है, लेकिन 1998 लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने कांग्रेस को शिकस्त दे दी। इसके बाद यहां के सांसद बने चंदूलाल साहू। कांग्रेस की करारी हार के बाद भाजपा का मनोबल बढ़ गया और दोनों प्रमुख राजनीतिक दल के बीच कांटे की टक्कर होने लगी। हालांकि 1999 और 2004 में यहां कांग्रेस फिर से जीत गई, लेकिन उसके बाद लगातार इस सीट पर भाजपा का परचम लहरा रहा है। आजादी के बाद से अब तक महासमुंद लोकसभा सीट में 18 बार चुनाव हो चुके हैं। इसमें से 12 बार चुनाव कांग्रेस ने जीता है। पांच बार बीजेपी का दबदबा इस लोकसभा सीट पर बना रहा है।

### जातिगत समीकरण बनते हैं जीत की वजह?


महासमुंद लोकसभा सीट के लिए जातिगत समीकरण भी मायने रखता है। इस सीट पर ओबीसी वर्ग का खासा दबदबा माना जाता है। यही कारण है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां से ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू तो बीजेपी से रूप कुमारी चौधरी दोनों ही ओबीसी वर्ग से आते हैं। वहीं कांग्रेस का यह भी मानना है कि बड़े कांग्रेसी नेताओं को एक खास रणनीति के तहत टिकट दिया गया है। जिसका प्रभाव भी चुनाव में देखने को मिलेगा। ताम्रध्वज साहू के राजनीतिक सफर की बात करें तो चार बार विधानसभा चुनाव और एक बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। वही रूपकुमारी चौधरी 2013 से 2018 तक बसना के विधायक रह चुकीं हैं। महासमुंद लोकसभा सीट आठ विधानसभा क्षेत्रों को मिलकर बनी है। यहां स्थानीयता और जातिवाद का मुद्दा हमेशा ही बना रहता है और चुनाव के वक्त हावी भी हो जाता है।

### महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा

इस बार लोकसभा क्षेत्र से कुल मतदाता 17,59,181 हैं। इनमें 8,65,125 पुरुष हैं, जबकि 8,94,023 महिला मतदाता हैं। वहीं, 33 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।इनमें पुरुषों की तुलना में महिला वोटर 28,898 अधिक हैं। अब तक देखा जाता रहा है कि मतदान करने में शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं अधिक उत्साहित रहीं हैं। लंबी कतार में घंटों लगकर वोट डालने की प्रतिबद्धता व जीवटता महिलाओं में देखी गई है। जबकि पोलिंग बूथ पर महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों की कतार कम ही रही है। राजनीतिक-सामाजिक आंकड़ों के जानकारों की माने तो महासमुंद लोकसभा में लगभग 54 प्रतिशत ओबीसी मतदाता हैं, जो निर्णायक हैं। इनमें साहू समाज के अलावा, यादव, अघरिया, कोलता, निषाद, मरार पटेल, धोबी, नाई, देवांगन, कुर्मी, पनिका, ओबीसी सिख, मुस्लिम, इसाई आदि हैं। वहीं 15 प्रतिशत अनारक्षित सामान्य वर्ग हैं, जिनमें ब्राह्मण, क्षेत्रीय, वैश्य, जैन, माहेश्वरी, अनारक्षित वर्ग के सिख, इसाई, मुस्लिम हैं। वहीं 31 प्रतिशत में एसटी व एससी मतदाता हैं।

# दुर्ग में गजब की चोरी, सरपंच के घर से 75 बकरियां व भेड़ चुरा ले गए बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र में हैरान कर देने वाली चोरी का मामला सामने आया है। पाटन के ग्राम गुजरा के सरपंच के घर से बकरियां व भेड़ चोरी हो गए। शनिवार रात को चरवाहे ने कुल 75 बकरियों व भेड़ को बाड़े में बांध दिया और दूसरे दिन रविवार को सुबह देखा तो एक भी बकरी-बकरा व भेड़ नहीं थी। रात में आज्ञात चोर बकरियों व भेड़ को चुरा ले गए। इस मामले में सरपंच की शिकायत पर पाटन पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार यह चोरी ग्राम गुजरा पाटन के सरपंच पितांबर पटेल के घर पर हुई है। पितांबर पटेल ने अपनी शिकायत में बताया कि वह खेती किसानी के साथ बकरी, बकरा व भेड़ का पालन पालन करता है। उसके पास कुल 75 बकरी, बकरा व भेड़ है। इन्हें चराने के लिए उसने विदेशी ठाकुर नाम के कर्मचारी को रखा हुआ है। रोज की तरह शनिवार को विदेशी ठाकुर बकरियों व भेड़ को चराने ले गया और शाम 5 बजे घर लाकर बाड़े के भीतर में सभी को बांध कर चला गया। रात को सरपंच के परिवार के सभी लोग सो गए।

दूसरे दिन रविवार को सुबह विदेशी ठाकुर बकरियों के बाड़े में झाड़ू लगाने गया तो वहां एक भी बकरी, बकरा व भेड़ नहीं थी। यह देख विदेशी ठाकुर हैरान हो गया। इसके बाद उसने सरपंच पितांबर पटेल को सूचना दी। पितांबर पटेल के बाडे से चोर ने 50 बकरी, 20 बकरा और 5 भेड़ चुरा ले गया। इसके बाद खोजबीन करने पर एक बकरा खेत में मरा हुआ मिला। वहीं बाकी बकरियों व भेड़ का कुछ पता नहीं चल पाया है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पाटन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी गए बकरियों व भेड़ की कीमत पांच लाख से ज्यादा की बताई जा रही है।

# पीएम की रैली से पहले सीआरपीएफ की बड़ी सफलता; नक्सली साजिश नाकाम, विस्फोटकों से भरी गुफा का खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' ने लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बस्तर रैली से पहले सीआरपीएफके जवान उस गुफा तक पहुंचने में कामयाब रहे, जहां पर नक्सलियों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री छिपा रखी थी। सीआरपीएफजवानों ने सुकमा के किस्टाराम थाना क्षेत्र के डुब्बामरका एवं बीरम के जंगलों में स्थित एक गुफा में रखे गए विस्फोटकों एवं हथियारों में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल), बीजीएल प्रोजेक्टर, जिलेटिन रॉड, इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर और आईईडी बनाने का दूसरा सामान शामिल है।

### आठ किलोमीटर पैदल चलने के बाद पहुंचे गुफा तक

सीआरपीएफने सात अप्रैल को इंटेलिजेंस रिपोर्ट के आधार पर सर्च अभियान शुरू किया था। डुब्बा मरका सीआरपीएफ कैंप से एफ 208 कोबरा, ई 212 एवं डी 241 कंपनियां, डुब्बा मरका और बीरम के जंगलों की तरफरवाना हुई थीं। यह अभियान आसान नहीं था। सुरक्षा बलों के पास ऐसा इनपुट भी था कि नक्सली घने जंगल में घात लगाकर हमला कर सकते हैं। रास्ते में सुरक्षाबलों को आईईडी विस्फोट का सामना करना पड़ सकता है।



इसके बावजूद सीआरपीएफदस्ते ने आगे बढ़ने का निर्णय लिया। तेज गर्मी के बीच जवान, करीब आठ किलोमीटर दूरी का पैदल रास्ता तय कर गुफा तक पहुंचे। सीआरपीएफ ने जब गुफा में प्रवेश किया, तो अधिकारी और जवान हैरान रह गए। वहां पर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर और प्रोजेक्टर का जखीरा छिपा रखा था।

### गुफा से मिला हथियारों का जखीरा

इन विस्फोटकों और हथियारों के जरिए नक्सली किसी बड़े हमले को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। पकड़े गए हथियारों में बीजीएल लांचर एक, बीजीएल प्रोजेक्टर 22, बीजीएल राउंड 4, बीजीएल राउंड नॉर्मल 57, बीजीएल राउंड स्मॉल 12, बीजीएल कार्टेज 4, बीजीएल नट 7, वायरलेस सेट 5, वायरलेस संट चार्जर 3, वोल्ट मीटर 3, सेफ्टी फ्यूज ग्रीन 10 मीटर, सेफ्टी फ्यूज ब्लैक 5 मीटर, नॉन इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर 105, जिलेटिन 200, गन पाउडर 30 किलोग्राम और विसल कोर्ड 10 सहित 60 आइटम बरामद हुए हैं।

## क्या गुल खिलाएंगे दारू बेचने के नए नियम

श्रीकंचनपथ




दारू का इतिहास मानव सभ्यता जितना ही पुराना है। दुनिया में बड़े-बड़े डील्स दारू पीकर ही किये जाते हैं। क्वालिटी और क्वांटिटी का फर्क हो सकता है पर दारू आज लगभग सभी पार्टियों की जरूरत बन गई है। यही दारू मगर बदनाम भी है। कहते हैं दारू पीकर लोग बर्बाद हो जाते हैं। बसी-बसाई गृहस्थियां उजड़ जाती हैं। लोग कर्जे में डूब जाते हैं। शराब का अत्यधिक सेवन करने वालों की काम करने की क्षमता कम हो जाती है। वे गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं। इसके चलते एक तरफ जहां कमाई घटती जाती है वहीं खर्चा बढ़ता चला जाता है। ऐसे लोगों के लिए एक शब्द है 'बेवड़ा'। बेवड़ा सिर्फ शराब पीने के लिए ही कमाता है और पीने के लिए ही जीता है। उसे दीन दुनिया से कोई मतलब नहीं। इसलिए विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ ही राजनीतिक दल भी शराब बंदी की मांग करते हैं। मजे की बात यह है कि शराब बंदी की मांग केवल विपक्षी पार्टियां ही करती हैं। जैसे ही वो सत्ता में आते हैं, उनके सुर बदल जाते हैं। शराब घोटाले में पिछली सरकार के कई होनहार या तो जेलों में बंद हैं या फिर उनके सिर पर खतरे की तलवार लटक रही है। शराब घोटाला के चलते दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री जेल में हैं। मध्यप्रदेश में भी 42 करोड़ के आबकारी घोटाले का मामला चल रहा है। फिलहाल बात करते हैं छत्तीसगढ़ की। शराब के खिलाफ माहौल बनाकर यहां भाजपा सत्ता में आई। सत्ता में आने के बाद अब यह उसकी मजबूरी है कि वह शराब की खपत कम करके दिखाए। नई नीति कहती है कि एक व्यक्ति को एक बार में अधिकतम एक बोतल शराब ही बेची जाएगी। वह चाहे तो एक खंभा खरीद सकता है या फिर दो अद्धा या चार पव्वा। बीयर भी प्रति व्यक्ति एक ही बोतल मिलेगी। वैसे वह एक दिन में तीन बोतल शराब खरीद सकता है पर अलग-अलग दुकान से। इसके साथ ही शराब महंगी कर दी गई है। 2022-23 में छत्तीसगढ़ में 15 हजार करोड़ रुपये की शराब बेची गई थी। सरकार को 6800 करोड़ रुपये का राजस्व भी मिला था। कोरबा जिले ने इस बार होली से पहले एक ही दिन में 4 करोड़ रुपए की शराब बेचने का रिकार्ड बनाया था। छत्तीसगढ़ को दरुहा राज्य कहा जाने लगा था। सरकार की भारी बेइज्जती हुई थी। सरकार ने दो कोशिशें की-पहला यह कि दारू की राशनिंग कर दी और दूसरा यह कि उसके दाम बढ़ा दिये। इसकी सर्वाधिक मार गरीब शराबियों पर ही पड़ने की उम्मीद है। वह तो पहले भी पव्वा-अद्धा ही खरीद पाता था। इसलिए राशनिंग का उसपर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला। अलबत्ता शराब की कीमतों में वृद्धि उसे परेशान कर सकती है। वह नशे का सस्ता विकल्प तलाश सकता है। शौकीनों को तो वैसे भी दारू की कीमत से कोई फर्क नहीं पड़ता।




## संपादकीय

# गुरदा प्रत्यारोपण

> अब अगर सूअर के अंग को मानव शरीर ने मंजूर कर लिया है, तो मतलब है कि किडनी रोग की दुनिया में नई क्रांति का आगाज हो चुका है। एक दुर्लभतम चिकित्सकीय कामयाबी इंसानों के हाथ लगी है।

एक दुर्लभतम चिकित्सकीय कामयाबी इंसानों के हाथ लगी है। पहली बार किसी इंसान में सूअर के गुरदे लगाए गए हैं और उस इंसान को अस्पताल से घर भी भेज दिया गया है। मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, सूअर की किडनी को 62 वर्षीय रिचर्ड स्लेमैन में प्रत्यारोपित किया गया है। किडनी अच्छी तरह से काम कर रही है, रक्त से अपशिष्ट को हटा रही है, मूत्र का उत्पादन कर रही है और शरीर के तरल पदार्थों को संतुलित भी कर रही है। मतलब, शरीर में किडनी का जो भी काम होता है, उसकी पूर्ति हो रही है। मरीज स्वस्थ है और हंसी-खुशी घर गया है। अगर इस मरीज का जीवन आगे भी आसान रहता है, तो फिर यह घटना सेहत की दुनिया के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विगत कुछ वर्षों से चिकित्सक वैज्ञानिक सूअर के अंगों को लेकर लगातार प्रयोग कर रहे हैं और अभी तक कामयाब नहीं मिल रही थी। कुछ प्रत्यारोपण पहले किए गए थे, पर कामयाब नहीं हुए थे। इंसानी शरीर ने सूअर के अंग को मंजूर करने से इनकार कर दिया था। अब अगर सूअर के अंग को मानव शरीर ने मंजूर कर लिया है, तो साफ है, किडनी रोग की दुनिया में नई क्रांति का आगाज हो चुका है।

गौर करने की बात है कि सूअर के अंगों को इंसानों के अनुरूप बनाने के लिए जेनेटिक रूप से संशोधित करने की चेष्टा वैज्ञानिक विगत वर्ष से ही कर रहे थे। वैज्ञानिकों को यह समझ में आ गया था कि सामान्य सूअर के सामान्य अंगों को अगर इंसानों में लगाया जाए, तो वे काम नहीं करेंगे। अत: अंगों को संशोधित किया गया, ताकि मानव अंगों की कोशिकाओं के साथ उसका मेल हो सके। ताजा सफलता से उत्साहित वैज्ञानिक मान रहे हैं कि क्रॉस-प्रजाति अंग प्रत्यारोपण के युग की शुरुआत हो चुकी है। अगर मरीज के जीवन को कुछ दिन भी बचाया जा सका, तो वैज्ञानिकों को अपने प्रयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। गौर करने की बात है कि मानव जीवन का एक-एक पल महत्वपूर्ण है और एक-एक पल जीने के लिए लोग तड़पते हैं। फिलहाल, मानव से मानव किडनी प्रत्यारोपण को चिकित्सकों ने सफल बना लिया है और ऐसे प्रत्यारोपण के बाद 90 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को एक साल से ज्यादा की जिंदगी नसीब हो जाती है। अगर कामयाबी का ऐसा ही प्रतिशत जानवर से इंसान में प्रत्यारोपण में भी हासिल हो गया, तो इलाज के इस तरीके को दुनिया भर में बल मिलेगा।

यूनाइटेड नेटवर्क फॉर ऑर्गन शेयरिंग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डेविड क्लासेन, जो अमेरिका की अंग प्रत्यारोपण प्रणाली का प्रबंधन कर रहे हैं, ने कहा कि सर्जरी ने पशु से मानव अंग प्रत्यारोपण या जेनोट्रांसप्लांटेशन की संभावना बढ़ा दी है। हालांकि, अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। चिकित्सकों को यह देखना पड़ेगा कि ऐसे सफल प्रत्यारोपण की संख्या में इजाफा हो, ताकि चिकित्सा की यह विधि औपचारिक रूप ले सके। अभी दुनिया में 20 लाख से ज्यादा लोग किडनी प्रत्यारोपण या डायलिसिस की मदद से जिंदा हैं। किडनी के गंभीर मरीजों की संख्या के साथ सामान्य मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यह बात गौर करने की है कि किडनी दान करने वाले भी आसानी से नहीं मिलते हैं या आसानी से तैयार नहीं होते हैं। जहां किडनी की जरूरत पड़ती है, वहां परिवार के लोग भी दान से पांव पीछे खींचने लगते हैं। अत: पशुओं से किडनी लेकर इंसानों में लगाने की प्रक्रिया को सफल बनाना समय की मांग है।

एक दुर्लभतम चिकित्सकीय कामयाबी इंसानों के हाथ लगी है। पहली बार किसी इंसान में सूअर के गुरदे लगाए गए हैं और उस इंसान को अस्पताल से घर भी भेज दिया गया है। मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, सूअर की किडनी को 62 वर्षीय रिचर्ड स्लेमैन में प्रत्यारोपित किया गया है। किडनी अच्छी तरह से काम कर रही है, रक्त से अपशिष्ट को हटा रही है, मूत्र का उत्पादन कर रही है और शरीर के तरल पदार्थों को संतुलित भी कर रही है। मतलब, शरीर में किडनी का जो भी काम होता है, उसकी पूर्ति हो रही है। मरीज स्वस्थ है और हंसी-खुशी घर गया है। अगर इस मरीज का जीवन आगे भी आसान रहता है, तो फिर यह घटना सेहत की दुनिया के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विगत कुछ वर्षों से चिकित्सक वैज्ञानिक सूअर के अंगों को लेकर लगातार प्रयोग कर रहे हैं और अभी तक कामयाब नहीं मिल रही थी। कुछ प्रत्यारोपण पहले किए गए थे, पर कामयाब नहीं हुए थे। इंसानी शरीर ने सूअर के अंग को मंजूर करने से इनकार कर दिया था। अब अगर सूअर के अंग को मानव शरीर ने मंजूर कर लिया है, तो साफ है, किडनी रोग की दुनिया में नई क्रांति का आगाज हो चुका है।

गौर करने की बात है कि सूअर के अंगों को इंसानों के अनुरूप बनाने के लिए जेनेटिक रूप से संशोधित करने की चेष्टा वैज्ञानिक विगत वर्ष से ही कर रहे थे। वैज्ञानिकों को यह समझ में आ गया था कि सामान्य सूअर के सामान्य अंगों को अगर इंसानों में लगाया जाए, तो वे काम नहीं करेंगे। अत: अंगों को संशोधित किया गया, ताकि मानव अंगों की कोशिकाओं के साथ उसका मेल हो सके। ताजा सफलता से उत्साहित वैज्ञानिक मान रहे हैं कि क्रॉस-प्रजाति अंग प्रत्यारोपण के युग की शुरुआत हो चुकी है। अगर मरीज के जीवन को कुछ दिन भी बचाया जा सका, तो वैज्ञानिकों को अपने प्रयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। गौर करने की बात है कि मानव जीवन का एक-एक पल महत्वपूर्ण है और एक-एक पल जीने के लिए लोग तड़पते हैं। फिलहाल, मानव से मानव किडनी प्रत्यारोपण को चिकित्सकों ने सफल बना लिया है और ऐसे प्रत्यारोपण के बाद 90 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को एक साल से ज्यादा की जिंदगी नसीब हो जाती है। अगर कामयाबी का ऐसा ही प्रतिशत जानवर से इंसान में प्रत्यारोपण में भी हासिल हो गया, तो इलाज के इस तरीके को दुनिया भर में बल मिलेगा।

यूनाइटेड नेटवर्क फॉर ऑर्गन शेयरिंग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डेविड क्लासेन, जो अमेरिका की अंग प्रत्यारोपण प्रणाली का प्रबंधन कर रहे हैं, ने कहा कि सर्जरी ने पशु से मानव अंग प्रत्यारोपण या जेनोट्रांसप्लांटेशन की संभावना बढ़ा दी है। हालांकि, अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। चिकित्सकों को यह देखना पड़ेगा कि ऐसे सफल प्रत्यारोपण की संख्या में इजाफा हो, ताकि चिकित्सा की यह विधि औपचारिक रूप ले सके। अभी दुनिया में 20 लाख से ज्यादा लोग किडनी प्रत्यारोपण या डायलिसिस की मदद से जिंदा हैं। किडनी के गंभीर मरीजों की संख्या के साथ सामान्य मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यह बात गौर करने की है कि किडनी दान करने वाले भी आसानी से नहीं मिलते हैं या आसानी से तैयार नहीं होते हैं। जहां किडनी की जरूरत पड़ती है, वहां परिवार के लोग भी दान से पांव पीछे खींचने लगते हैं। अत: पशुओं से किडनी लेकर इंसानों में लगाने की प्रक्रिया को सफल बनाना समय की मांग है।

## नजरिया

> विपक्ष के जो लोग आज घेरे में हैं, क्या उन पर आरोप प्रमाणित हो सकेंगे? भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि यहां सच और झूठ, लोकतंत्र के तराजू में अर्द्धसत्य की भांति दोनों पलड़ों के बीच फंसा...

# सियासत की यह शोकांतिका

शशि शेखर

चीन के महान युद्ध कला विशारद सुन जू ने ईसा के जन्म से करीब साढ़े पांच सौ साल पहले कहा था- 'राजनीति में दिखावा ही सब कुछ है और वंचनाएं उसी पर खड़ी होती हैं।' श्रीमान जू को क्या मालूम था कि लगभग ढाई हजार साल बाद संसार के प्राचीनतम लोकतंत्रों में एक भारत में यह खेल अपने चरम पर होगा।

भरोसा न हो, तो नई दिल्ली की अदालतों और सियासी सर्कस में जारी दांव-पेच देख लीजिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी अदालत में तथाकथित शराब घोटाले को सही साबित करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के अलावा कई और लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से संजय सिंह को मिली जमानत नई राजनीतिक तरंगें पैदा कर गई है। संजय सिंह तपे हुए राजनीतिज्ञ हैं और समाजवादी संस्कारों की वजह से विपक्षियों पर जोरदार हमले की तरकीबों में सिद्धहस्त हैं।

आला अदालत में उनके विद्वान वकील की दलील थी कि मेरे मुवक्किल को बेवजह बंद किया गया है, क्योंकि जांच एजेंसी दो साल से इस मामले में जांच कर रही है और वह अभी तक कोई 'मनी-ट्रेल' नहीं ढूंढ़ पाई है। यही नहीं, जिस गवाह दिनेश अरोड़ा के बयान पर वह गिरफ्तार किए गए थे, उसने अपने शुरुआती नौ बयानों में संजय सिंह का नाम भी नहीं लिया था। सांसद के वकील ने सवाल उठाया कि वे कौन सी वजहें थीं कि उसने अपनी दसवीं गवाही में सांसद का नाम लिया?

इस दलील का संज्ञान लेते हुए अदालत ने ईडी के अधिवक्ता से इसका जवाब मांगा। उत्तर देने के बजाय ईडी ने इस बार जमानत याचिका का विरोध न करने का फैसला किया। संजय सिंह अब सीखचों के बाहर हैं और आरोप लगा रहे हैं- 'केजरीवाल के खिलाफ झूठा बयान देने के लिए वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी पर लगातार दबाव बनाया गया और जब उन्होंने इनकार कर दिया, तो उनके बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया। कई चरणों की पूछताछ के बाद उसने केजरीवाल के बारे में अपना बयान बदला और इस बड़े षड्यंत्र का हिस्सा बन गया। एक बड़ी साजिश के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है।'

संजय सिंह अदालती आदेश की बाध्यता के चलते अपने मामले में बोलने से बचते रहे। उन्हें जतन से हासिल हुई जमानत की शर्तों में साफतौर पर दर्ज है कि वह अपने मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। यकीनन, इसीलिए उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के बहाने अपनी बात कही है। इससे यह भी तय होता है कि आम आदमी पार्टी केजरीवाल की गिरफ्तारी का चुनावी लाभ उठाना चाहती है। इसी रणनीति के तहत नए पोस्टर जारी किए गए हैं, जिनमें अरविंद को सीखचों के पीछे दर्शाया गया है। भारतीय राजनीति में यह कोई नया प्रयोग नहीं है। बड़ौदा डायनामाइट मामले में कैद जॉर्ज फर्नांडिस ने भी ऐसे ही चुनाव लड़ा था।

भारतीय जनता पार्टी भी चुप नहीं बैठी हुई है। उसकी ओर से कहा जा रहा है कि जमानत को लेकर इतना जश्न मनाना गलत है, क्योंकि जांच जारी है और पूरा मुकदमा अभी बाकी है। स्पष्ट है, इन बहस-मुबाहिसों के जरिये हमारे राजनेता जनता की अदालत से मनचाहा परिणाम हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। भला रोजाना की जिंदगी की जद्दोजहद में फंसा आम मतदाता कैसे इन जटिल मुद्दों पर किसी निर्णय तक पहुंच सकता है? अपनी समझ में सही या अपेक्षाकृत कम गलत का चुनाव उसकी अनिवार्य बाध्यता है।

हमारा लोकतंत्र कब तक इन विकलांग विवशताओं के सहारे चलता रहेगा। भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसी घटनाएं पहले भी घट चुकी हैं। बोफोर्स का मामला याद कीजिए, जिसके कारण राजीव गांधी को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी। इसके बाद चार प्रधानमंत्री ऐसे हुए, जो उनके विरोधी थे। इनमें पहले तो विश्वनाथ प्रताप सिंह थे, जिन्होंने पटना की जनसभा में दावा किया था कि बोफोर्स के दलालों के नाम मेरी शेरवानी की बायीं जेब में हैं। वह इसी मुद्दे पर सत्ता में आए, मगर कुछ नहीं कर सके। सवाल उठना स्वाभाविक है कि विपक्ष के जो लोग आज घेरे में हैं, क्या उन पर आरोप प्रमाणित हो सकेंगे?

भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि यहां सच और झूठ, लोकतंत्र के तराजू में अर्द्धसत्य की भांति दोनों पलड़ों के बीच फंसा फड़फड़ाता रहता है। सियासी सिद्धांतों और वायदों की नीयत पर भी इसी मुकाम पर प्रश्नचिह्न चस्पां हो जाते हैं। अरविंद केजरीवाल किसी जमाने में स्थापित नेताओं, राजनीतिक दलों, उद्योगपतियों, पत्रकारों और विचारकों को कड़े शब्दों में खारिज करते हुए अवतरित हुए थे। वह वैकल्पिक राजनीति की बात करते थे, लेकिन जब पहली बार बहुमत से सरकार बनाने में सक्षम न साबित हुए, तो उन्होंने कांग्रेस का सहारा ले लिया। यह आम चुनाव वह उसी कांग्रेस के साथ लड़ रहे हैं, जिसके शीर्ष पर आज भी नेहरू-गांधी परिवार है। कभी वह उन्हें सीखचों के पीछे डालने की वकालत करते थे। इसी तरह, वह और उनके साथी लगभग सभी स्थापित नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की मांग करते थे। आज वह खुद भ्रष्टाचार के आरोप में तिहाड़ की जेल संख्या दो में कैद हैं, पर इस्तीफा नहीं देना चाहते।

इस हफ्ते की शुरुआत में पार्टी के 62 में से 56 विधायक उनके आधिकारिक आवास पर इकट्ठा हुए और अरविंद की पत्नी सुनीता केजरीवाल से कहा, आप मुख्यमंत्री तक हमारी यह भावना पहुंचा दें कि वह त्यागपत्र न दें, हम सभी उनके साथ हैं। इसके बाद से सवाल उठने लगे हैं कि अगर अरविंद केजरीवाल लंबे वक्त तक जेल में बंद रहते हैं और उन्हें त्यागपत्र देने पर मजबूर होना पड़ता है, तो क्या उनकी जगह कमान सुनीता केजरीवाल के हाथ में होगी? इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि ईडी के लेंस पर पार्टी के तमाम फायर ब्रांड नेता मौजूद हैं। दस से अधिक मंत्रालयों पर काबिज आतिशी ने तो प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया है कि अगला नंबर उनका है। वह राघव चड्ढा और सौरभ भारद्वाज को भी जेल यात्रियों की संभावित सूची में रखती हैं।

अगर उनकी आशंका सच निकलती है, तो सुनीता केजरीवाल दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री बन सकती हैं। राबड़ी देवी की तरह उन्हें पार्टी और सरकार संचालित करने का कोई अनुभव नहीं है। यहां सवाल उठना लाजिमी है कि अगर ऐसा होता है, तो फिर अरविंद केजरीवाल और लालू यादव क्या एक पलड़े में खड़े नजर नहीं आएंगे? ऐसे में, 'वैकल्पिक राजनीति' के उनके वायदे का क्या होगा?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

8 अप्रैल 2024, को साल का पहला सूर्यग्रहण लगेगा। यह ग्रहण बेहद ही दुर्लभ होगा। ग्रहण के कारण 7.5 मिनट तक सूर्य दिखाई ही नहीं देगा। सूर्य ग्रहण का बहुत अधिक ज्योतिषीय व वैज्ञानिक महत्व होता है। ग्रहण का देश-दुनिया पर शुभ व अशुभ दोनों तरह का प्रभाव पड़ता है। शास्त्रों के अनुसार, ग्रहण की घटना शुभ नहीं होती है। विज्ञान के अनुसार हर कई सालों बाद ऐसा सूर्यग्रहण देखने को मिलता है। इस स्थिति में पृथ्वी का एक भाग में पूरी तरह से अंधेरा हो जाता है। इस समय चंद्रमा, पृथ्वी के सबसे निकट आ जाता है। इस सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में आ जाते हैं। 8 अप्रैल को रात 9 बजकर 12 मिनट से सूर्य ग्रहण शुरू होगा और अगले दिन सुबह 1 बजकर 20 मिनट पर इसका समापन होगा। चैत्र माह के सूर्य ग्रहण की अवधि लगभग 4 घंटे 25 मिनट तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, करीब 50 वर्षों के बाद सबसे लंबा सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है।

**भारत में ग्रहण दिखाई देगा या नहीं:** भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। भारत में ग्रहण नहीं दिखाई दे रहा है, जिस वजह से सूर्य ग्रहण का सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

**सूर्यग्रहण की टाइमिंग:** भारतीय समयानुसार रात में 9 बजकर 12 मिनट पर सूर्यग्रहण शुरू होगा और मध्य रात्रि में 1 बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा।

**कहां दिखेगा साल का आखिरी सूर्यग्रहण:** यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा और यह योग 54 साल बाद बनने जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय साइंस एंड मैथेमेटिक्स डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा कि साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण कनाडा, मेक्सिको, यूनाइटेड स्टेट्स, अरूबा, बर्मुडा, करेबियन नीदरलैंड, कोलंबिया, कोस्टा रिका, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रीनलैंड, आयरलैंड, आइसलैंड, जमाइका, नॉर्वे, पनामा, निकारगुआ, रूस, पोर्तो रिको, सैंट मार्टिन, स्पेन, द बहामास, यूनाइटेड किंग्डम और वेनेजुएला समेत दुनिया के कुछ हिस्सों से दिखाई देगा।

# हमने अमेरिका को कड़े शब्दों में दिया जवाब

> अमेरिका की भारत विरोधी टिप्पणी और इस पर भारत का तीखा जवाब आजकल चर्चा में है। सवाल-जवाब का यह शगल पुराना है। साल 1985 में भी 18 अप्रैल को लोकसभा में अमेरिकी हस्तक्षेप की जमकर आलोचना हुई थी।

खुर्शीद आलम खान, तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री

प्रारंभ में मैं इस सभा में सदस्यों द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं का समर्थन करता हूं। केवल मैं ही नहीं, बल्कि मेरे विचार से प्रत्येक भारतीय इन भावनाओं का समर्थन करेगा। यह स्वाभाविक है कि जहां देश की प्रतिष्ठा, एकता और सम्मान का प्रश्न निहित होगा, तो कोई भी भारतीय किसी प्रकार का समझौता करने को तैयार नहीं होगा।

हम सभी देशों से मैत्री और सौहार्दपूर्ण संबंध रखना चाहते हैं, परंतु हम अपनी स्थिति से समझौता नहीं करना चाहते हैं। हम अपनी पसंद से और मर्जी से संबंध रखेंगे और ऐसे संबंध रखेंगे, जो दोनों देशों के लिए लाभप्रद होंगे। यदि कोई देश इन संबंधों से लाभ उठाना चाहे, तो उसे निस्संदेह निराशा होगी और हम इसकी अनुमति भी नहीं देंगे, चाहे वह अमेरिका हो या पाकिस्तान या अन्य कोई देश हो, हम अपनी पसंद के अनुसार संबंध रखेंगे। ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका जैसे कुछ देशों में इन आतंकवादियों के प्रति विशेष स्नेह दिखाया गया है। यह वास्तव में अत्यंत खेदजनक है और हमने इन देशों को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि भारत की मित्रता इन लोगों के साथ किए गए व्यवहार पर निर्भर करेगी। जब तक इन लोगों की गतिविधियों को नहीं रोका जाता, तब तक इन लोगों की सहायता करने वाले देशों के आगे भारत मैत्री का हाथ नहीं बढ़ाएगा।

महोदय, मैं अब यह स्पष्ट करना चाहता हूं। अमेरिका द्वारा यह कहा गया है कि सुनवाई करने वाला संगठन सरकारी नहीं था। यह सरकारी हो या गैर-सरकारी, परंतु मैं उनसे एक बात पूछना चाहता हूं, उनकी किस प्रकार के लोगों के साथ मित्रता है। वे गलती पर हैं, वे उन लोगों को, जो मानव अधिकारों की बात करते हैं, जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा है, उन्हें अमेरिका जाकर देखना चाहिए, कंपूचिया जाकर देखना चाहिए, उन्हें और भी कई स्थानों पर जाकर देखना चाहिए। वे पाएंगे कि केवल हमारे देश और हमारे नेताओं ने मानव अधिकारों की रक्षा हेतु आवाज उठाई है। हम आवाज उठाना जारी रखेंगे और हमेशा उठाते रहेंगे। मैं इस सभा को विश्वास दिला सकता हूं कि कोई भी देश इसे सहन नहीं करेगा।

प्रत्यर्पण और अन्य मामले कानूनी हैं। इसके संबंध में मेरे लिए इस समय कुछ कहना संभव नहीं होगा, परंतु मैं यह आश्वासन दे सकता हूं कि ऐसी सभी संस्थाएं जो अधिकार का केंद्र हैं, पवित्र हैं, सम्मानित हैं और निस्संदेह उस पवित्रता, उस सम्मान को सुनिश्चित करना होगा और बनाए रखना होगा और इसलिए इस संबंध में किसी को कोई आशंका नहीं होनी चाहिए। हमने अमेरिका को अत्यंत कड़े शब्दों में कहा है कि भारत ऐसी बातें और इस प्रकार की सुनवाई सहन नहीं करेगा, क्योंकि हम यह महसूस करते हैं कि कोई भी देश अगर वास्तव में हमारा मित्र है, तो ऐसी बातें नहीं होने देगा। आश्वासन देना चाहता हूं कि अगर ऐसी कोई बात हो, जिस पर सरकार द्वारा कार्रवाई किए जाने की जरूरत हो, तो सरकार कभी पीछे नहीं रहेगी। चाहे कोई भी देश हो, कोई भी शक्ति हो, सरकार कभी नहीं डरेगी। यह ठीक है कि श्री स्वैल ने अपने अनुभव के आधार पर बहुत अच्छी बात कही है। उन्होंने अपने अनुभव का सदा अच्छा उपयोग किया है। वह वर्मा में हमारे राजदूत थे, उन्होंने अनुभव का अत्यंत लाभकारी ढंग से उपयोग किया है, परंतु मैं यह भी कहना चाहता हूं कि उन्होंने जो यह कहा है कि भारतीय अत्यंत परिपक्व हैं, वे जल्दी में कोई कार्रवाई नहीं करते, वे भावुकता में कार्रवाई नहीं करते, निस्संदेह ठीक है।

माननीय सदस्यों ने यह पूछा था कि सुनवाई करने वाले लोगों को वॉशिंगटन स्थित हमारे दूतावास ने क्या लिखा था। उन्होंने अत्यंत कड़ा पत्र लिखा था। हमारे राजदूत ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था कि भारतीय प्रतिनिधि स्वयं को इस प्रकार की हरकत से नहीं जोड़ सकते, जो उनकी राय में नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने अमेरिकी सरकार से विरोध प्रकट किया था। मैं यहां अपने सिख भाइयों के बारे में एक बात कहना चाहता हूं। मैं उन्हें सलाह देना चाहता हूं कि उन्हें अपनी तथाकथित समस्याओं का समाधान कनाडा, अमेरिका या ब्रिटेन में नहीं मिल सकता। उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान केवल इस देश में और इसके नेताओं से मिल सकता है।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**

# ..चोरी फिर भी सीना जोरी

चुनाव के दिनों में लोकतांत्रिक हथियार के रूप में आरोप प्रत्यारोप का खेल खूब देखा जाता रहा है, मगर फाइनेंसियल टूल को चुनाव लड़ने का हथियार बना लेना यह 2024 के लोकसभा चुनाव को सबसे अलग बना रहा है। इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का विपक्षी दलों को नोटिस भेजना भले एक रूटीन काम हो सकता है, मगर इसकी टाइमिंग विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर हमला करने का मौका जरूर दे रही है।

वैसे देखा जाए तो पहले भी सत्तासीन पार्टियों द्वारा ऐसी संस्थाओं के उपयोग की कहानी न्यायालयों द्वारा भी दुरुपयोग के विशेषण से नवाज़ी गई है परन्तु अबकी यह मामला प्रभाव क्षेत्र के हिसाब से बहुत आगे निकल गया है। इन्कम टैक्स का नोटिस सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के लिए अस्तित्व का संकट लेकर आया है। शनिवार को ज़ारी किये गए डिमांड नोटिस के बाद कांग्रेस पर आयकर विभाग का कुल लगभग 3,567 करोड़ रूपये बकाया बैठता है। ताजा डिमांड नोटिस 1745 करोड़ रूपये का है जो वित्त वर्ष 2014- 2015, 2015- 2016 और 2016- 2017 का है। हालांकि इसकी आशंका कांग्रेस शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाहिर कर चुकी थी कि उसे अभी और परेशान किया जाएगा। इसके पहले जो कांग्रेस को नोटिस मिला था वह 1823 करोड़ रूपये का था। यह बकाया पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के लिए था और इसमें मूल और ब्याज दोनों राशियां शामिल है। दिलचस्प बात यह भी है कि इस नोटिस में वित्तीय वर्ष 1994-1995 में कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स की हेरा फेरी का वित्तीय दंड भी शामिल है।

आयकर विभाग के ये नोटिस कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बनकर इसलिए खड़े हो गए हैं क्योंकि पार्टी ने 2023- 2024 के आयकर रिटर्न में पार्टी की कुल संपत्ति ही 1430 करोड़ रूपये बतायी थी। इसमें 657 करोड़ रूपये का फंड, 340 करोड़ की चल अचल संपत्ति और लगभग 388 करोड़ का लिक्विड कैश बताया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि पार्टी अपनी कुल संपत्ति बेचकर भी आयकर विभाग का फाइन नहीं भर सकती। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पार्टी दिवालिया घोषित हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय राजनीति की एक ऐसा घटना होगी जो अगर सकारात्मक प्रभाव को लेकर आगे बढ़ी तो कभी भी कोई पोलिटिकल पार्टी इन्कम टैक्स के नियमों को सुविधानुसार उपयोग में लाने की भूल से बचेगी। लेकिन अगर इसी को नकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाने लगा तो बदले की भावना से ग्रसित होकर स्वयं सत्ता में आने पर पूर्वकालिक सत्तारूढ़ पार्टियों के ऊपर भी ऐसी ही कार्यवाही करेगी। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस और समस्त इंडिया गठबंधन आयकर विभाग के नोटिस को जिस तरह से गलत बता रहा है वो नोटिस सही हैं या गलत शनिवार को जारी 1745 करोड़ रूपये के नोटिस के अलावा दूसरा मामला 1700 करोड़ के नोटिस का है। मामला 2017 से 2021 के बीच कांग्रेस को कैश के रूप में मिले चंदे और अन्य कैश अनियमितताओं से जुड़ा है। इसमें लगभग 526 करोड़ रूपये शामिल हैं, जिसका स्पष्ट हिसाब-किताब कांग्रेस के पास नहीं है। दरअसल 2019 में आयकर विभाग के कई छापों के दौरान यह बात खुल कर सामने आई थी कि दो कंपनियां मेधा इंजीनियरिंग और कमलनाथ के करीबी की एक कम्पनी ने कैश में कांग्रेस को ये पैसे दिए हैं। आयकर विभाग को इन कंपनियों द्वारा कांग्रेस को ट्रांजेक्शन की रसीद मिली है। सूत्रों के अनुसार 20 करोड़ के एक पेमेंट का ब्यौरा आयकर विभाग के पास ऐसा भी है जिसमें कमलनाथ के जरिये पैसा सीधे कांग्रेस ऑफिस को गया है। आयकर विभाग दावा कर रहा है कि ये सारे पैसे रिश्वत के हैं जिसे मध्य प्रदेश में मंत्रियों और अफसरों को दिया गया था और जो घूम फिर कर कांग्रेस पार्टी को फंड के रूप में मिला है। यह आयकर कानून के सेक्शन 13 का उल्लंघन है जिसके अनुसार 2,000 रूपये से ज्यादा कैश पेमेंट कोई पार्टी नहीं ले सकती। इसी तरह तीसरा मामला 135 करोड़ का है। यह 2018- 2019 के बीच का है। इस दौरान कांग्रेस ने साढ़े 14 लाख रुपये का दान नकद में लिया और टैक्स रिटर्न भी 33 दिन की देरी से फाइल किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि उस वित्त वर्ष में कांग्रेस की कुल आय को ही टैक्स रिबेट के दायरे से बाहर कर दिया गया जो 135 करोड़ था। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स में छूट आयकर कानून की धारा 13(1) के तहत क्लेम करनी पड़ती है। कांग्रेस पर इसी प्रावधान के उल्लंघन का आरोप है। चूंकि पार्टी ने इस वित्त वर्ष के दौरान 33 दिन की देरी से टैक्स रिटर्न फाइल किया तो आयकर विभाग ने कांग्रेस की कुल 199 करोड़ की आय पर टैक्स के छूट के दावे को खारिज कर दिया। हालांकि 2021 में विभाग ने 105 करोड़ की अनियमितता के एवज में नियमानुसार 20 फीसदी यानी 21 करोड़ चुकाने को कहा था जिसके बाद केस की सुनवाई तक स्टे लग जाता। पर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। परिणामस्वरूप 16 मार्च को आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों से 135 करोड़ रुपये की वसूली कर ली। इसमें से 103 करोड़ के करीब का जुर्माना था और बाकी के 21 करोड़ इस जुर्माने पर लगे ब्याज की रकम थी। यह अमाउंट लियन है अर्थात बैंक अकॉउंट में फाइन वाली अमाउंट पर रोक लगा दी गई है, बाकी पैसों को पार्टी खर्च कर सकती है। यहीं कांग्रेस झूठ का भ्रम फैला रही है कि उसके बैंक अकॉउंट फ्रीज कर दिये गये हैं। मगर वास्तव में ऐसा है नहीं। अब इनके अकॉउंट में सिर्फ फाइन जितने पैसे थे तो क्या ही किया जा सकता है और अब तो कुल फाइन जितने पैसे भी कांग्रेस के एकाउण्ट में नहीं बचे हैं। चौथा मामला 1994-95 की आय और उससे जुड़े हिसाब-किताब की गड़बड़ी से है। इस केस में आयकर विभाग ने पार्टी पर 53 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यहां भी आयकर कानून की धारा 13 के सेक्शन ए के उल्लंघन की बात की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के अलावा तृणमूल कांग्रेस को भी आयकर विभाग का नोटिस मिला है। इसके अलावा सीपीआई को भी 11 करोड़ का नोटिस विभाग ने भेजा है। पार्टियां अगर चाहती तो इन सारे नोटिस में फाइन अमाउंट का 20त्न जमा कर नोटिस के विरुद्ध क्लेम में जा सकती थी। इससे बैंक के भी लेन देन में रोक नहीं लगती, ना ही कोई अमाउंट रोका जाता। लेकिन ऐसा करने के बजाय कांग्रेस अदालत के दरवाजे पर पहुंच गयी। दिल्ली उच्च न्यायालय कांग्रेस पार्टी के नोटिस पर स्टे की गुहार को ख़ारिज कर चुका है। आयकर ट्रिब्यूनल ने भी मामले में पुन: अवलोकन से इन्कार कर दिया है। अब कांग्रेस चाहे कितनी भी दुहाई दे कि पुराने मामलों को री- इन्वेस्टीगेट कर भाजपा गलत कर रही या ऐसे ही अनियमितता भाजपा ने भी बरती है तो उस पर कार्यवाही क्यों नहीं ये राजनीतिक सवाल हैं परंतु सच यही है कि पैसे के लेन देन में कांग्रेस पार्टी ने नियमों को ताख पर रखा है। जब सामान्य तरीके से वो अपनी छूट का लाभ ले सकते थे तब भी उनकी ओर से अनदेखी की गयी। अब कानून के अनुसार आयकर विभाग कार्रवाई कर रहा है तो कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां इसे राजनीतिक रंग दे रही हैं। यह चोरी के बाद सीनाजोरी वाली कहावत को चरितार्थ करने जैसा है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग ने आज सूचित किया है कि वह जुलाई तक कांग्रेस के खिलाफ किसी प्रकार की जब्ती या वसूली की कार्रवाई नहीं करेगा क्योंकि चुनाव चल रहे हैं। जुलाई में आयकर विभाग क्या करेगा या फिर कांग्रेस क्या करती है, यह उस समय पता चलेगा, लेकिन कांग्रेस के सामने जो टैक्स संकट खड़ा हुआ है वह उसकी अपनी गलतियों का नतीजा है। इसका केन्द्र सरकार पर दोषारोपण उचित नहीं होगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में

JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### एनएसएस के छात्रों ने मतदान करने और कराने का लिया संकल्प

**बिलासपुर।** लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में युवा बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने मतदान करने और कराने का संकल्प लिया है। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा कोनी में बड़ी संख्या में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कोनी में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों द्वारा शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारे से समूचा बिलासपुर गूंज उठा। छात्रों ने स्वीप कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इन युवाओं द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने मुहिम चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी अपनी भागीदारी निभाए। साथ ही बिल्हा ब्लॉक के बरतोरी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आकर्षक रंगोली बनाया गया और घर घर जाकर लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित मतगणना केन्द्र का लिया जायजा

**दंतेवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा कंगाले ने 07 अप्रैल को दन्तेवाड़ा प्रवास पर लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा की मतदान केंद्र के तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केन्द्र का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारी समयपूर्व सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। वहीं मतगणना कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना केन्द्र परिसर में मीडिया सेंटर तैयार कर मीडिया प्रतिनिधियों के लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# हिंदू नववर्ष व रामनवमी पर जलेंगे दीये, रंग बिरंगी लाइटों से सजी बिलासपुर की सड़कें

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। चैत नवरात्र नौ अप्रैल से प्रारंभ होगा, जिस दिन हिंदू नववर्ष की शुरुआत होगी। इसी तरह 17 अप्रैल को रामनवमी मनेगी। इन्हें मनाने की तैयारी अभी से जोरों से चल रही है। विभिन्न हिंदू व सामाजिक संगठन शोभायात्रा निकालेंगे। साथ ही ये संगठन दोनों दिन शाम को दीये जलाकर घर रोशन करते हुए खुशियां मनाने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं शहर समेत अंचल के कुम्हार भी दीये बनाने के कार्य में जुटे हुए हैं।




ऐसे में एक बार हिंदू नववर्ष और रामनवमी के दिन दीवाली की तरह दीयों से घर जगमग होगा। नौ अप्रैल को हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाने के लिए तैयारी चल रही है। सर्व हिंदू समाज की इस दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी और नववर्ष को जोरदार स्वागत किया जाएगा। साथ ही यह चैत नवरात्र का पहला दिन होगा। ऐसे में मां के नौ रूप की आराधना का पर्व भी शुरू होगा। इन बातों को ध्यान में रखते हुए सर्व हिंदू समाज नववर्ष व चैत्र नवरात्र को भव्य रूप से मनाने का आह्वान कर रहा है और हिंदू परंपरा के मुताबिक नौ अप्रैल की शाम घरों के द्वार पर दीये जलाने की बात कह रहा है। इसी तरह 17 अप्रैल की शाम को भी दीए जलाने की अपील की गई है। इस दिन रामनवमी रहेगी। उसे भी पूरे भव्यता से मनाने का निर्णय विभिन्न हिंदू समाज की ओर से लिया गया है। इसकी भी तैयारी जोरों से चल रही है।

इस दिन भी घर-घर दीये जलाने का आह्वान किया गया है, ताकि दोनों ही पर्व पूरी भव्यता के साथ मनाया जा सके। इधर कुम्हार भी दीये तैयार कर रहे हैं, साथ ही इसे बेचने का काम भी कर रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर हिंदू नववर्ष और रामनवमी के दिन दीये की रोशनी से घर-घर रोशन होगा।

### ध्वज की मांग बढ़ी

घरों के छत में भगवा ध्वज लगाने की परंपरा शुरू हो चुकी है। नववर्ष में भी घर के छतों में ध्वज लगाने का आह्वान है। ऐसे में एक बार फिर शहर के बाजार में भगवा रंग के ध्वज दिखने लगे हैं और बीते कुछ दिनों से इन ध्वजों की अच्छी खासी बिक्री हो रही है।

### रामलला की प्राणप्रतिष्ठा पर भी शहर हुआ था जगमग

इससे पहले 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में श्री रामलला विराजमान हुए। इस दिन पूरे देश में त्योहार का माहौल रहा और लोगों ने इसकी खुशी मनाते हुए हर घर में दीये जलाए। इससे शहर के घर दीयों से रोशन हुए थे। इस बार हिंदू नववर्ष और रामनवमी के दिन भी शहर दीयों की रोशनी से जगमग होगा।

# कांग्रेस तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती : ज्योत्सना महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा । सांसद व लोकसभा उम्मीदवार ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज संसदीय क्षेत्र के गणेशपुर, कंहारबहरा, जिल्दापारा, पड़ीता आदि गांवों का दौरा व जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा से ही डॉ. महंत परिवार को स्नेह व आशीर्वाद देते आई है।



जनता के भरोसे पर महंत परिवार सदैव खरा उतरने के लिए प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि आप सबने पिछले चुनाव में मुझे सेवा करने का अवसर दिया और एक बार फिर आप सबके आशीर्वाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबको जोडक़र रखने में विश्वास करती है और तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती और न ही किसी तरह का दबाव डाला जाता है। निर्भिक और निष्पक्ष रूप से मतदान करते हुए कांग्रेस की सरकार कोरबा लोकसभा और केन्द्र में बनाने का आह्वान करते हुए श्रीमती महंत ने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता के लिए 5 गारंटी ली है। हमें काम करने का एक अवसर मिलना चाहिए ताकि इन सभी गारंटियों को पूरा कर सकें। युवाओं को नौकरी व रोजगार से जोडक़र उनका विकास, महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने, किसानों को कर्ज मुक्त करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के करों से भी मुक्त करने की गारंटी हमने ली है। मजदूरों को किसी भी उद्योग, धंधे से यूं ही काम से न निकाला जा सके, इसके लिए भी हम गारंटी लेते हैं। आज जिन श्रमिकों को रोजगार गारंटी योजना में 200-250 रुपए की मजदूरी मिलती है, उन सभी को 400 रुपए की मजदूरी का हमारा वादा है। जिन पेंशनधारियों को 350 रुपए, 500 रुपए या अन्य राशि मिलती है, उन सभी सामाजिक सुरक्षा, विधवा, नि:शक्त, सुखद सहारा व तमाम पेंशन योजनाओं में सीधे 1 हजार रुपए देने का हमने वादा किया है। इन सभी वादों को पूरा करने के लिए आप सबके साथ व सहयोग की जरूरत है। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# साहू समाज ने सुभाष चौक में मनाई मां कर्मा जयंती

**कोरबा।** माता कर्मा सेवा समिति कोरबा के तत्वधान में माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन सुभाष चैक निहारिका कोरबा छत्तीसगढ़ में किया गया। सर्वप्रथम माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आरती गीतों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कर पक्ष माता कर्मा की वेबसाइट का लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में गोपाल साहू पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ छत्तीसगढ़ एवं कोरबा जिला प्रभारी भाजपा उपस्थित हुए थे।

कार्यक्रम में गोपाल साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला, प्रेम लाल साहू ने अतिथियों का स्वागत किया, सचिव विनोद कुमार साहू ने समिति के उद्देश्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और आने वाले समय में युवक-युवतियों को नई शिक्षा, नई दिशा प्रदान करने रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा समाज में रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित करते हुए समिति का वेबसाइट के संबंध में जानकारी प्रदान की। गिरधारी लाल साहू ने माता कर्मा के आदर्श पर विस्तार से जानकारी दी। महेश राम साहू ने माता कर्मा का कविता पाठ किया। कार्यक्रम में खिचड़ी भोग एवं शर्बत पानी पिलाया गया, कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने दी है।

# दिव्यांगजनों ने शत-प्रतिशत मतदान करने एवं करवाने का लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न संस्थाओं द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल सुश्री रश्मि सिंह स्वीप कार्यक्रम के तहत अभिलाषा दिव्यांग केन्द्र पहुंचकर दिव्यांगजनों से मतदान के महत्व के संबंध में चर्चा की।





उन्होंने सभी को 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने तथा अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की गई है। दिव्यांगजनों को मतदान करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने संस्था के सभी दिव्यांगजनों को अपने पालक एवं रिश्तेदारों को पत्र लिखकर लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के रूप में अपना योगदान देने के लिए आग्रह किया। इस दौरान सभी ने दिव्यांगजनों के साथ शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प भी लिया।

# मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारी ध्यानपूर्वक प्राप्त करें प्रशिक्षण - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान हेतु दंतेवाड़ा जिले में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने दंतेवाड़ा में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान दलों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा मतदान दलों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्वाचन में अपने दायित्वों के सफल एवं निर्विघ्न सम्पादन हेतु ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम हेंडआन करना, मतदान आरंभ करने के पूर्व की तैयारी, माकपोल, समस्त प्रपत्रों को सतर्कतापूर्वक पूर्ण करने सहित निर्वाचन संबंधी अन्य पहलुओं की गहन जानकारी प्राप्त प्राप्त कर लेनी चाहिए, जिससे मतदान दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट में निर्वाचन प्रशिक्षण सम्बन्धी वीडियो एवं जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध है, जिसका लाभ प्रशिक्षण में शामिल मतदान दलों को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदान दलों का हिस्सा रहे लोगों को नए साथियों को मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया की जानकारी से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों को प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण में बताए जा रहे विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों क लिए गूगल फॉर्म टेस्ट ऑनलाइन किए जाने तथा कम्युनिकेशन एप प्रारंभ करने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने प्रशिक्षण हेतु मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा तैयार कम्प्यूटर पॉवरपाइंट प्रस्तुति, ईव्हीएम हेंडआन करने सम्बन्धी जानकारी, वाट्सअप के माध्यम से शंका समाधान इत्यादि को बेहतर प्रशिक्षण के लिए जरूरी निरूपित करते हुए इसकी सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मतदान दलों को प्रोत्सहित करते हुए आत्मविश्वास के साथ निर्वाचन दायित्व को सम्पन्न कराने की शुभकामनाएं दी।

# 51 हजार मनरेगा श्रमिकों ने ली मतदान करने की शपथ

## कलेक्टर के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने सतत हो रहा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर रविवार को जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत आयोजित रोजगार दिवस के मौके पर शत-प्रतिशत मतदान शपथ का आयोजन किया गया।




इस दौरान मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतो में चल रहे कार्यों के दौरान 51 हजार 545 श्रमिको जिसमे युवा, महिला, पुरूष सहित सभी ग्रामीणों शामिल थे ने मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत पडरिया, धरदेई, भैंसो, मुलमुला व कोसा में चल रहे कार्य में पहुंचकर श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाया गया और मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला एवं पामगढ़ जनपद सीईओ, मनरेगा पीओ , टीए उपस्थित रहे। अकलतरा जनपद पंचायत में 11 हजार 524, जनपद पंचायत में बम्हनीडीह में 9 हजार 864, बलौदा जनपद पंचायत में 11 हजार 514, नवागढ़ जनपद पंचायत में 10 हजार 834 एवं पामगढ़ जनपद पंचायत में 7 हजार 809 श्रमिको ने शपथ ली। जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत सिवनी, अमोरा, कर्रा, जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत चोरिया, जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत पनोरा, हेडसपुर, चारपारा जनपद पंचायत अकलतरा की ग्राम पंचायत खोंड, बरगवां, लटिया, बरपाली पड़रिया, फरहदा, रसेडा, जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत मुड़पार चु, पडरिया, जेवरा, खरखोद में शपथ ग्रहण के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं युवाओं श्रमिकों ने भाग लिया और उन्होंने इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### संकेत साहित्य समिति की वासंती काव्य गोष्ठी संपन्न

**रायपुर।** संकेत साहित्य समिति द्वारा वृंदावन हॉल रायपुर में कल शनिवार को भाषाविद्, संगीतज्ञ एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चित्तरंजन कर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज की अध्यक्षता और रामेश्वर शर्मा, सुरेंद्र रावल, लतिका भावे तथा संजीव ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में वासंती काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कवयित्री पूर्वा श्रीवास्तव के संयोजन और संचालन में संपन्न हुआ। सरस्वती वन्दना के बाद सभी अतिथियों का सम्मान मोतियों की माला, पुस्तक एवं गुलाब के पौधे लगे गमले भेंट करके किया गया। समिति की उपसचिव पल्लवी झा ने स्वागत भाषण में संकेत साहित्य समिति की स्थापना एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समिति के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' के अभिनव प्रयास को खूबसूरती से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी बोलते हुए डॉ.चित्तरंजन कर ने कहा कि साहित्य मनोरंजन नहीं, संस्कार होता है और सदैव सामंजस्य स्थापित करता है। समाज को जोड़ता है, तोड़ता नहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात व्यंग्यकार गिरीश पंकज ने मौजूदा साहित्यिक परिवेश को रेखांकित करते हुए कहा कि संकेत शब्द कई अर्थों में साहित्य को परिभाषित करता है। संकेत के माध्यम से प्रतीक और बिंब के द्वारा कविता में भावनाओं को अभिव्यक्त किया जाता है । सपाट बयानबाजी को कविता नहीं कहते।

काव्य गोष्ठी में राजधानी रायपुर एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए चालीस से अधिक जिन कवियों एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया, उनमें डॉ. चित्तरंजन कर, गिरीश पंकज, डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', रामेश्वर शर्मा, सुरेंद्र रावल, लतिका भावे, संजीव ठाकुर, डॉ.दीनदयाल साहू , डॉ. जेके डागर, नीलिमा मिश्रा, राजेन्द्र ओझा, पल्लवी झा रूमा, पूर्वा श्रीवास्तवआदि शामिल थे।


### विधि प्रकोष्ठ के 200 सदस्यों ने थामा भाजपा का दामन

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वहीं, पहले चरण का मतदान भी बेहद करीब है। ऐसे में पार्टियों में दस-बदल का सिलसिला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। बता दें कि आज हुए विधि प्रकोष्ठ के सम्मेलन में 200 अधिवक्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया है। राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिव प्रकाश ,उपमुख्यमंत्री और कानून मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में विधि प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित किया गया था। भाजपा में शामिल हुए विधि प्रकोष्ठ के प्रत्येक सदस्य चुनाव के दौरान विपक्ष के हर बयान और हरकतों पर नजर रखेंगे।

बीएड शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से की मुलाकात

# बी.एड/डी.एल.एड.-फैसले का इंतजार कर रही सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** प्राथमिक कक्षाओं में बीएड की जगह डीएलड शिक्षकों को नियुक्त किए जाने संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के बाद शासन अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। छत्तीसगढ़ की ही तरह राजस्थान हाईकोर्ट ने भी प्राथमिक कक्षाओं में बीएड के स्थान पर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्त करने आदेश दिया था। इसके विरोध में राजस्थान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। छत्तीसगढ़ सरकार अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है।

राजस्थान तक तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार भी सुप्रीम कोर्ट का जा सकती है। हाईकोर्ट ने बीएड शिक्षकों की नियुक्ति को नियम विरूद्ध बताते हुए 6 सप्ताह के भीतर डीएलएड डिग्रीधारी शिक्षकों की चयन सूची जारी करने कहा है। यदि राजस्थान संबंधित केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला 6 सप्ताह के भीतर नहीं आता है तो छत्तीसगढ़ सरकार इसके पूर्व भी कोर्ट में याचिका दायर कर सकती है।

इधर सैकड़ों की संख्या में बीएड शिक्षकों ने रविवार को शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने बातया, लगभग 3500 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। एनसीटीई के गाइडलाइन के अनुसार बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के पद हेतु पात्र थे। शिक्षक भर्ती के नोटिफिकेशन में डीएलएड के साथ बीएड प्रशिक्षार्थी को पात्र माना गया था। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय महासचिव आयुष पिल्ले, प्रांतीय प्रचार सचिव गंगेस्वर सिंह उइके, सुखनंदन साहू सहित पदाधिकारी शामिल रहे।

सहायक शिक्षकों ने ब्रिज कोर्स करवाकर उनकी नियुक्ति नियमित करने की मांग की है। इसके पूर्व भी सेवारत शिक्षकों को ब्रिजकोर्स करवाया जा चुका है। इस कोर्स के जरिए सेवारत निजी और शासकीय विद्यालयों में सेवारत ऐसे शिक्षक, जिनके पास बीएड अथवा डीएलएड कोई डिग्री नहीं थी, उन्हें डीएलएड का कोर्स ऑनलाइन मोड में करवाया गया था। शिक्षक संघ पुन: इस तरह का कोर्स करवाने तथा शिक्षकों की सेवाएं - नियमित करने की मांग कर रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, इससे संबंधित एक अन्य मामला सुप्रीम कोर्ट में है। हम उस पर फैसले की प्रतिक्षा कर रहे हैं।

# सांईलेट अटैक को गंभीरता से लें : डॉ. चुग

## 150 मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से कराई जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों व्दारा किए गए परीक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि कोविड-19 के बाद आ रहे सांईलेट अटैक के संबंध में लोगों को काफी सतर्क रहने की जरूरत है। इस संबंध में वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन भी हो रहा है। ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बविन्दर चुग ने छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान उक्त बातें कही।


महावीर नगर गुरुव्दारा परिसर में आयोजित इस शिविर के संबंध में एसोसियेशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने बताया कि कई विशेषज्ञ डॉक्टरों ने यहां सेवा भाव से मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इसमें हड्डी रोग, हृदृय रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग, दंत रोग, मेडिसिन विशेषज्ञ, स्त्री रोग, छाती एवं टीबी रोग, होमियोंपैथिक के साथ ही एक्युप्रेशर पध्दति से उपचार दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बविन्दर चुग ने उपस्थितजनों को बताया कि बेहोश होते ही दिल धड़कन और सांस रुकने जाने की स्थिति में दी जाने वाली आपातकालीन जीवन-रक्षक प्रक्रिया अर्थात कार्डियो प्लमोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) तत्काल दिया जाना चाहिए । सीपीआर श्वास और छाती के संपीड़न को जोड़ती है। डॉ. चुग ने कई लोगों को अपने समक्ष सीपीआर करने का अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा कि बेहोश होते ही मरीज को सीपीआर दिया जाना चाहिए और यह तब तक दिया जाए जब तक एम्बुलेन्स ना आ जाए। इससे मरीज की जान बच सकती है।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नए और पुराने मरीजों को देखा। एसोसियेशन के अध्यक्ष एचएस धींगरा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 व्यक्तियों ने अपना परीक्षण करा कर शिविर का लाभ लिया। नि:शुल्क शिविर में दांतों की बीमारियों के बारे में डॉ. जीतेन्द्र सराफ डॉ मनीष गुप्ता, नेत्र रोगों में मोतियाबिन्द, कमजोर होती आंखें और संक्रमण के बारे में प्रोफेसर उमेशचन्द्र तिवारी ने, घुटने व कमर का दर्द, रीढ़ की हड्डियों में दर्द, सायटिका दर्द के मरीजों को डॉ. केएस छाबड़ा ने देखा और परामर्श और दवाईयां दी। कानों में संक्रमण और सुनने की परेशानियों का डॉ. अर्चना तिवारी ने परीक्षण किया, अस्थमा, टीबी फेफड़ों की बीमारियों के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. डिम्पल माखीजा ने मरीजों को देखा,वहीं स्त्री रोग विशेषक्ष डॉक्टर डॉ. किरण मलहोत्रा, डॉ. शालिनी जैन ने भी अपनी सेवाएं दी। सामान्य बीमारी के लिए मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी देवांगन ने मरीजों की जांच की। होमियोपैथिक की डॉ. संध्या साहू ने मरीजों का परीक्षण कर होमियोपैथिक दवाएं दी। वरिष्ठ एक्युप्रेशर थैरापिस्ट सरदार राजपाल सिंह ने भी कई मरीजों का प्रेशर थैरेपी से उपचार किया।

त्रिवेणी डायनोस्टिक रायपुर व्दारा शिविर में रक्तचाप और मधुमेह का परीक्षण किया तथा एसोसियेशन की ओर से आवश्यकतानुसार दवाएं नि:शुल्क दी गई। एसोसियेशन न शिविर में आए डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञा व्यक्त करते हुए उन्हें प्रंशसा पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा, अध्यक्ष एचएस धींगरा, सचिव बीएस सलूजा, दीप सिंह जब्बल, प्रोफेसर बीएस छाबड़ा, जेएस जब्बल, केएस झास, कुलदीप सिंह छाबड़ा, अमोलक सिंह छाबड़ा, जगपाल सिंह, अजीत सिंह राजपाल, सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, भूपिन्दर सिंह खालसा, तेजपाल सिंह हंसपाल, महिला सदस्यों में रविन्द्र कौर बॉम्बरा, पिंकी जब्बल, हरमिन्दर कौर सलूजा, हरप्रीत कौर धींगरा, परविन्दर हंसपाल, देविन्दर हंसपाल, लांयस क्लब की कमलेश चावला उपस्थित थीं। महावीर नगर गुरुव्दारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जसवंत सिंह सिद्धू, कुलवंत सिंह, और रणजीत सिंह खनूजा उपस्थित थे।

# 500 रुपए में गैस सिलेंडर इस महीने से देगी सरकार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार का दावा हैं कि उन्होंने अपने घोषणा पत्र यानि मोदी की गारंटी के ज्यादातर वादों को पूरा कर दिया हैं। इनमें 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी हैं। किसानों को बोनस, 3100 सौ रूपये में धान खरीदी और महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रुपये दिए जाने का फैसला शामिल हैं।

इसी तरह लोक सेवा आयोग परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआई जांच का भी ऐलान सरकार की तरफ से कर दिया गया हैं। अपने वादों और उन्हें पूरा करने को लेकर पूरे भाजपा खेमें में ख़ासा उत्साह हैं। इन सबके बीच अब प्रदेश भर की महिलाओं को एक अहम वादें के पूरा होने का इंतज़ार हैं। वह हैं 500 रूपये में गैस सिलेंडर। दरअसल मोदी की गारंटी में यह वादा भी शामिल रहा हैं कि सरकार की तरफ से प्रदेश की पात्र महिलाओं को रियायती दर पर घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी वादे को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने बड़ी बात कही हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा हैं कि उन्हें सभी वादे याद हैं। ज्यादातर पूरे हो चुके हैं। जहाँ तक गैस सिलेंडर का सवाल हैं तो लोकसभा चुनाव के बाद यह वादा भी पूरा किया जाएगा। इस तरह महतारी वंदन योजना की राशि के बाद एक बार फिर से सस्ते गैस सिलेंडर के तौर पर चुनाव के बाद प्रदेश भर की महिलाओं को बड़ी सौगात मिलने की पूरी संभावना हैं।

# महिला बंदियों के लिए जागरुकता शिविर आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कानूनी अधिकारों के माध्यम से महिला बंदियों को सशक्त करने और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) के प्रो बोनो क्लब ने एक महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस आयोजन का आयोजन रायपुर केंद्रीय जेल में 6 अप्रैल को किया गया था।

इस जागरुकता शिविर का आयोजन प्रो बोनों के संयोजक डॉ. प्रवेश कुमार राजपूत और कानूनी सहायता और सामाजिक सेवा समिति की संयोजक डॉ कौमुदी छल्ला के सहयोग से किया गया। इस जागरुकता शिविर में पो बोनी क्लब के आठ छात्री ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में चर्चा की और महिला बंदियों को उनके मालवीय अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की।

इस शिविर में विद्यार्थी दल का नेतृत्व करते हुए सारा सैमुएल ने कैदियों के अधिकारों और मूल सुविधाओं की महत्वता को सम्बोधित किया। इस शिविर में लगभग 50 महिला कैदियों, मिद्धदोष अपराधी और अदालती जांच के अधीन जेल में रहने वाली महिलाओं के साथ चर्चा की गई और उनके अधिकारों और न्याय की महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान की गयी। इस जागरुकता शिविर में कचार पुस्तिकाओं को वितरित किया गया ताकि महिला बंदियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी जा सके। इस शिविर को जेल के अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, विशेष रूप से खुशबू मिश्रा (जेल अधीक्षक) प्रवीण मिश्रा (सचिव डीएलएसए, रायपुर) और दो डीएलएसए कानूनी सहायकों ने इस शिविर के दौरान ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

लोगों में जनजागरूकता के लिए किए जा रहे उपाय

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले हुए सम्मानित

**रायपुर।** पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं घायलों को त्वरित उपचार में मदद उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटंस अर्थात नेक इंसान को हर माह प्रोत्साहित व पुरस्कृत किया जा रहा हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा आज ऐसे सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित सहायता पहुंचा कर जान बचाने वाले 06 गुड सेमेरिटंस को निवास कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओमप्रकाश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह एवं सड़क सुरक्षा सेल के स्टाफ कमलेश कुमार वर्मा, मुकेश वर्मा एवं राजकुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

बता दें कि भारत देश में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटना में लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है, जिसका प्रमुख कारण घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता नही मिलने के कारण होता है। सड़क दुर्घटना के दौरान 30 मिनट का समय गोल्डन आवर कहलाता है। इस दौरान यदि घायल व्यक्ति को किसी भी प्रकार से हास्पिटल तक पहुंचा दिया जाता है या फिर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करा दिया जाता है तो घायल की जान बचाई जा सकती है। किन्तु अधिकांश सड़क दुर्घटनों में लोगों द्वारा बार बार पेशी जाना पड़ेगा व पुलिस द्वारा बार बार पूछताछ के लिए आना पड़ेगा परेशानी होगी सोचकर मोबाइल फोन से विडियों फोटो बना लिया जाता है, किन्तु घायल की जान बचाने हेतु कोई उपाय नही किया जाता जिससे घायल व्यक्ति त्वरित उपचार के अभाव में तड़प-तड़प कर दम तोड़ देता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि थाना क्षेत्र में घटित सड़क दुर्घटना में घायल को त्वरित सहायता पहुंचाने हेतु गुड सेमेरिटंस का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं घायल को त्वरित सहायता पहुंचाकर जान बचाने वाले गुड सेमेरिटंस को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करने हेतु उपस्थित कराने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आज रायपुर जिले में घटित विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटंस को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा मोंमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही इनका फोटो पिछले माह की तरह बड़े-बड़े होर्डिंग में शहर में विभिन्न प्रमुख जगहों पर लगाया गया है।

माह अप्रैल में सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटंस में मनोहर वरवानी पिता रमेश वरवानी, उम्र-40 वर्ष निवासी महावीरनगर रायपुर, थाना तेलीबांधा द्वारा 13 मार्च 2024 को तेलीबांधा थाना के सामने घटित सड़क दुर्घटना में घायल हुए दुष्यंत अनंत पिता मानसिंह अनंत निवासी चीचा नवा रायपुर को तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर जिला हास्पिटल पहुँचाकर भर्ती कराकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। जसबीर सिंह पिता मलकीत सिंह उम्र-37 वर्ष, निवासी श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर थाना तेलीबांधा द्वारा 22 मार्च 2024 को उद्योग भवन के सामने चौक, रिंग रोड 1 में घटित सड़क दुर्घटना में घायल अमरनाथ खूंटे पिता गनपत खूंटे 23 साल को 108 एम्बुलेंस बुलाकर जिला हास्पिटल रायपुर पहुचाकर उनकी जान बचाई। हितेश साहू पिता ईश्वरी साहू, 28 वर्ष, ग्राम फुंडहर थाना तेलीबांधा के द्वारा 20 मार्च 2024 को ग्रेंड नीलम होटल व्हीआईपी रोड के पास हुए सड़क दुर्घटना में घायल टेमरी निवासी को स्वयं के कार से मेकाहारा हास्पिटल पहुँचाया एवं 1 अप्रेल 2024 को मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब के पास सड़क दुर्घटना में घायल विनायक चंद्राकर पिता लक्ष्मीनारायण चंद्राकर को स्वयं के कार से जिला हास्पिटल पहुँचाकर जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी । ढिलेन्द्र कुमार सेन पिता श्री लच्छी राम सेन, 52 वर्ष, सिलतरा, थाना धरसींवा के द्वारा 2 अप्रेल 2024 को ग्राम भूमिया एवं सांकरा के मध्य मोसा. एवं सायकल में हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मोटर सायकल एवं सायकल चालक को डायल 112 वाहन के माध्यम से सीएचसी धरसींवा पहुँचाया जिसमें मोसा. चालक की जान बचाया जा सका। रोमा राय कुर्रे पिता राजकुमार कुर्रे, ग्राम छछानपैरी, थाना मुजगहन के द्वारा 25 मार्च 2024 को ग्राम छछानपैरी के पास एक्टिवा एवं मो.सा. में हुए सड़क दुर्घटना में डायल 112 वाहन के माध्यम से घायल को वी.वाय हास्पिटल पहुँचाकर उनकी जान बचाया। सोना राम बंजारे पिता छोटे लाल बंजारे, शिक्षक कालोनी थाना तिल्दा के द्वारा 26 मार्च 2024 को ग्राम लखना के पास स्वयं से अनियंत्रित होकर गिरे मोसा. चालक एवं सवार व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस बुलाकर साथ में जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा ले जाकर भर्ती कराया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# खतरों के खिलाड़ी में जलवा दिखाएंगी 'छोटी सरदारनी'

**रियलिटी स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी' का नया सीजन शुरू हो उससे पहले हर बार फैंस में यह जानने की बेचैनी बनी रहती है कि क्या उनका फेवरिट स्टार इस बार शो का हिस्सा बना है या नहीं?**



'बिग बॉस' खत्म होने के बाद दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी' का रहता है। इस बार के सीजन में कौन से सेलेब्रिटी नजर आएंगे इस सवाल का जवाब हर कोई जानना चाहता है। हर कुछ वक्त में एक नया नाम सामने आ रहा है और अब इस लिस्ट में 'छोटी सरदारनी' फेम एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया का भी नाम जुड़ गया है। मालूम हो कि निमृत रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस' के 16वें सीजन का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

अभी तक जिन खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं उनमें ज्यादातर सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो का हिस्सा रह चुके हैं। खबर है कि टीम का निमृत कौर अहलूवालिया के साथ डिसकशन जारी है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो उनका शो में इस बार होना पक्का है। निमृत कौर हाल ही में एकता कपूर के प्रोजेक्ट एलएसडी-2 से कदम पीछे खींचने के लिए चर्चा में रही थीं।

### निमृत ने क्यों किया एलएसडी-2 से बैक आउट?

रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 16 के दौरान ऑडीशन करके एकता कपूर ने निमृत का नाम 'लव सेक्स और धोखा' के दूसरे पार्ट के लिए फाइनल किया था। शुरू में जहां निमृत इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड थीं, वहीं बताया जा रहा है कि इससे कदम खींचने के पीछे उनका स्क्रिप्ट को लेकर असहज होना वजह रही। बताया गया कि फिल्म में कुछ सीन ऐसे थे जिन्हें निमृत नहीं करना चाह रही थीं।

### सामने आ चुके हैं इन खिलाड़ियों के नाम

जहां तक बात खतरों के खिलाड़ी-14 के लिए सामने आए नामों की है तो निमृत कौर से पहले मुनव्वर फारुकी, मन्नारा चोपड़ा और अभिषेक कुमार का नाम भी रोहित शेट्टी के शो के लिए सामने आ चुका है। वर्क फ्रंट की बात करें तो निमृत कौर काफी कामयाब एक्ट्रेस हैं और वह बिग बॉस में अपने चुलबुले अंदाज के लिए चर्चा में रही थीं। लेकिन क्या वह 'खतरों के खिलाड़ी' में अपने डर पर काबू पा सकेंगी?



# शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं सुष्मिता सेन

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की अदाकारा सुष्मिता सेन अक्सर अपनी पर्सनल लाइफकी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इस बार भी वह अपनी पर्सनल लाइफकी वजह से ही चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दरअसल, सुष्मिता ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में अपनी शादी पर बात की है। सुष्मिता ने कहा कि वह शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं लेकिनज। पढ़िए सुष्मिता ने और क्या-क्या कहा।

### बताया ब्रेकअप्स से कैसे करती हैं डील

इंटरव्यू के दौरान सुष्मिता से पूछा गया कि वह ब्रेकअप्स से कैसे डील करती हैं? इस पर सुष्मिता ने इंडल्ज से कहा, मेरी जिंदगी निश्चित रूप से एक खुली किताब रही है क्योंकि मैंने इसे बहुत ईमानदारी से और कभी-कभी निडर होकर जीया है। मुझे लगता है कि आप अपनी जिंदगी में जो भी फैसला लेते हैं, चाहे वो फैसला आपको चोट पहुंचाए या आपको परेशान, वो आपको कुछ-न-कुछ सिखाकर ही जाता है। आपको उनसे सीख लेकर आगे बढ़ते रहना है।

### शादी पर क्या बोलीं एक्ट्रेस

शादी के बारे में बात करते हुए सुष्मिता ने कहा, आपके मां-बाप और समाज का दिया प्रेशर आपको शादी के लिए तैयार नहीं करवा सकता और न ही वह शादी करने का सही कारण है। जहां तक मेरी शादी का सवाल है तो अगर मुझे सही व्यक्ति मिल जाता है, जो मेरे पैरामिटर्स पर खरा उतरता है, तो मैं जरूर शादी कर लूंगी।

### क्या एक्स आपके दोस्त हो सकते हैं?

इस सवाल का जवाब देते हुए सुष्मिता सेन ने कहा, 'बिल्कुल! ऐसे बहुत से लोग हैं जो अपने एक्स के साथ दोस्ती रखते हैं। हां, उन्हें नहीं समझ आता कि कहां पर लाइन ड्रॉ करनी चाहिए, लेकिन ऐसा होता है। मैंने ऐसा होते देखा है, और मैं अपने जीवन में भी इसे पाकर धन्य हूं'।

# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में नजर आयेंगी शाहरुख खान की बेटी

**लगेगा ग्लैमर का तड़का**

टीवी रियलिटी शो बिग बॉस 17 खत्म होने के बाद से ही ओटीटी के तीसरे सीजन की चर्चा शुरू हो गई है, जहां सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में कई कंटेस्टेंट्स के नाम सामने आते जा रहे हैं। दूसरी ओर अब शाहरुख खान की रील बेटी भी इस शो का हिस्सा बनने जा रही हैं।

### यह एक्ट्रेस बनेंगी शो का हिस्सा



आपको बता दें बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस इस वक्त लाइमलाइट से दूर है, वहीं अब खबरें हैं कि वह सलमान खान के रियलिटी शो के साथ कमबैक करने जा रही हैं, यह कोई और नहीं बल्कि 35 साल की अदाकारा सना सईद हैं। बता दें कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान की बेटी अंजलि का किरदार निभा चुकीं सना सईद को लेकर चर्चा है कि वह बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में भाग लेने वाली हैं। टेलीचक्कर की रिपोर्ट के अनुसार सना को मेकर्स ने प्रस्ताव भेजा है और वह शो में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

### इन फिल्मों में नजर आ चुकी है सना

जानकारी के अनुसार सना सईद ने अपने करियर की शुरुआत कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान की बेटी अंजलि के रूप में शुरुआत की थी, इस फिल्म में सलमान खान भी नजर आए थे। इसके साथ ही यह बादल और हर दिल जो प्यार करेगा जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वहीं सन 2012 में सना ने स्टूडेंट ऑफद ईयर में आलिया भट्ट के साथ काम किया था, जहां फिल्म में आलिया के साथ उनका छत्तीस का आंकड़ा दिखा था।

# मिर्जापुर-3 में मुन्ना भैया की वापसी होगी या नहीं




**साल 2007 में मोहक, मादक माधुरी दीक्षित की फिल्म 'आ जा नचले' से कैमरे के सामने अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के स्नातक दिव्येंदु शर्मा वेब सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन में नजर नहीं आएंगे। दिव्येंदु के किरदार मुन्ना भैया को फिर से इस सीरीज में शामिल करने के लिए बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर अभियान सा चलता रहा है लेकिन अब खुद 'मुन्ना भैया' ने ये राज खोल दिया है कि वह इस सीरीज का हिस्सा वाकई में नहीं हैं।**

वेब सीरीज 'मिर्जापुर 3' का प्रसारण ओटीटी अमेजन प्राइम वीडियो पर होना है। सीरीज की शूटिंग करीब करीब पूरी ही हो चुकी है, लेकिन सीरीज के प्रसारण के लिए ओटीटी सही समय नहीं चुन पा रहा है। पहले चुनावों के पहले अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर प्रदेश के प्रति बना श्रद्धालु माहौल अब चुनाव की वेला में एक ऐसी सीरीज का प्रसारण ओटीटी प्रबंधन उचित नहीं मान रहा जिसमें उत्तर प्रदेश की छवि पर सीधा निशाना साधा गया हो। 'मिर्जापुर' पूरी दुनिया में अपने कालीन उद्योग के लिए मशहूर रहा है लेकिन इस सीरीज ने इसकी ब्रांडिंग को काफी नुकसान भी पहुंचाया है।

वेब सीरीज में अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अखंडानंद त्रिपाठी उर्फ कालीन भैया का किरदार निभाया और दिव्येंदु शर्मा बने फूलचंद त्रिपाठी उर्फमुन्ना भैया। अपनी कहानी से ज्यादा अपनी गालियों और अपने दैहिक रिश्तों के लिए चर्चा में रही इस वेब सीरीज का प्रसारण अमेजन प्राइम वीडियो पर अब कब होगा, खुद अमेजन वाले नहीं समझ पा रहे। इस बीच दो तीन दिन से सोशल मीडिया पर सीरीज के किरदार मुन्ना भैया को फिर से सीरीज में लाने की मुहिम सी शुरू हो गई। समझा यही गया कि ये दिव्येंदु की हालिया रिलीज फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' की हाइप बनाए रखने के लिए हो रहा है।

दिव्येंदु शर्मा ने अपने नाम में एक अतिरिक्त एन लगाकर अपना सरनेम पांच साल पहले विदा कर दिया था। दिव्येंदु नाम से ही अब मनोरंजन जगत में काम करने वाले इस कलाकार का करियर इनकी फिल्म 'इक्कीस तोपों की सलामी' से डगमगाया चल रहा है। लीड हीरो के किरदार में दिव्येंदु की ये फिल्म इतना ओवरबजट हुई कि न सिर्फइसे बनाने वाली कंपनी का पैकअप सा हो गया बल्कि इसके भागीदारों में भी फिर आगे नहीं बनी। 'मिर्जापुर' सीरीज ने दिव्येंदु के लिए किसी संजीवनी से कम काम नहीं किया और हालिया रिलीज सीरीज 'द रेलवे मेन' में भी उनके अभिनय की काफी प्रशंसा हुई है। लेकिन, दिव्येंदु का बड़े परदे का मोह उन्हें बार बार खींच ही लाता है, लीड रोल में उनका काम बड़े परदे पर 'प्यार का पंचनामा' से बड़ा नहीं हो पा रहा है।

'मिर्जापुर 3' को लेकर हाफादैया के बीच ह्यूमन्स ऑफबॉम्बे के साथ एक खास बातचीत में दिव्येंदु ने इसकी कास्टिंग की मटकी कैमरे के सामने फोड़ दी है। वह कहते हैं, 'ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे के मंच से मैं एलान करता हूं कि मैं मिर्जापुर सीजन 3 का हिस्सा नहीं हूं।' सीरीज के दूसरे सीजन के अंत में दिव्येंदु का किरदार मुन्ना भैया मर जाता है लेकिन उसके बाद से ही सोशल मीडिया पर तमाम दंतकथाएं चलती रही हैं कि मुन्ना भैया इस कहानी में फिर लौटेगा और उन्हें सीरीज में वापस लाने के लिए एक मुहिम सी भी चली। अब दिव्येंदु के इस एलान के बाद सारा मामला शांत होता दिख रहा है।



# प्रेस किए हुए कपड़ों पर भी अगर सिलवटें पड़ जाएं, तो अपनाएं ये उपाय

क्या आपने कभी गौर किया है कि कैसे हमारे प्यार से प्रेस किए गए कपड़े अक्सर खुद-ब-खुद सिलवटें पकड़ लेते हैं सुबह की जल्दी में जब हम उन्हें पहनने के लिए निकालते हैं, तो वो सिलवटों से भरे हुए मिलते हैं। हम आपको यहां पर उन सरल उपायों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपने कपड़ों को इस तरह रख सकते हैं कि सिलवटों से छुटकारा पाया जा सके। आइए जानते हैं कि आसान तरीके जो आपके कपड़ों पर सिलवटें नहीं पड़ने नहीं देंगे।

### कपड़े धोते समय ध्यान दें

कपड़े धोने से पहले, उन्हें सावधानी से चुनें। नाजुक कपड़े और मजबूत कपड़े अलग-अलग धोएं। जब सारे कपड़े एक साथ धोए जाते हैं, तो वे आपस में उलझ सकते हैं, जिससे उनमें सिकुड़न और खराबी आ सकती है। इस तरह से अलग-अलग धोने से कपड़े ज्यादा अच्छे रहते हैं।

### ड्रायर का सही उपयोग

कपड़े सुखाते समय ध्यान रखें, बहुत गरम ड्रायर से कपड़े सिकुड़ सकते हैं। इसलिए, हमेशा ड्रायर को हल्के मोड पर इस्तेमाल करें जिससे कपड़ों में थोड़ी नमी बची रहे। यह कपड़ों को सुरक्षित रखता है और उन्हें ज्यादा देर तक नया बनाए रखता है।

### सुखाने का सही तरीका

कपड़े धोने के बाद, उन्हें अच्छे से हिलाकर सीधा करें और धूप में रस्सी पर टांग दे। खासकर शर्ट और कुर्ते जैसे कपड़ों को हैंगर पर सुखाना बेहतर होता है। इससे कपड़े अच्छे से सूखते हैं और उनमें सिलवटें कम आती हैं, जिससे वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

### कपड़ों को उतारने का तरीका

कपड़ों को सुखाने के बाद उन्हें एक-एक करके उतारें और सही से तह लगाएं। हर कपड़े की अपनी एक विशेष तह होती है, उसी के अनुसार उन्हें मोड़ें।


### सिलवटों पर ध्यान दें

अगर कपड़ों पर सिलवटें पड़ जाएं, तो चिंता न करें। बस, उन्हें हल्के हाथ से रगड़ें। यह सिलवटों को हटाने का एक आसान और त्वरित तरीका है। इससे कपड़े दोबारा साफ और निखरे हुए दिखेंगे। यह उपाय कपड़ों को फिर से चिकना और आकर्षक बनाता है, बिना ज्यादा मेहनत किए।

# अदा ने खरीदा था सुशांत का घर

**इस बात ने कर दिया था एक्ट्रेस को परेशान**

**सुशांत सिंह राजपूत का घर काफी समय से खाली था। 2020 में उनकी मौत के बाद से कोई भी उस अपार्टमेंट को खरीदने को तैयार नहीं था। ऐसे में एक्ट्रेस अदा शर्मा ने घर को खरीदा है। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उन्होंने लोगों से अपने फैसले को छिपाकर रखा।**



एक्ट्रेस अदा शर्मा मुंबई में अपार्टमेंट्स में एक फ्लैट खरीदने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुशांत सिंह राजपूत कभी इस फ्लैट में रहा करते थे। 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत हुई थी। अपार्टमेंट में उनका शव बरामद हुआ था। एक्टर की मौत के बाद से अपार्टमेंट खाली है, कोई भी फ्लैट को खरीदने को तैयार नहीं हुआ। एक्ट्रेस कहती हैं कि वैसे तो मैं सबके दिल में रहती हूं। अपने काम को लेकर अटेंशन में रहना अच्छा लगता है लेकिन इसके बावजूद मैं प्राइवेसी रखना पसंद करती हूं। मैं नहीं चाहती थी कि मेरे इस फैसले को लेकर कोई भी कमेंट करे।

### सुशांत सिंह राजपूत को लेकर कमेंटबाजी से निराश

जब सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट को ऑनलाइन बेचे जाने की खबर सामने आई तो अदा शर्मा उनके बारे में किए गए कमेंट्स से काफी दुखी हो गईं। उन्हें लगा कि जो अब दुनिया में नहीं है, उसके बारे में किसी भी तरह की बात करना गलत है। मैंने यह भी सोचा कि किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बात करना गलत है जो इस दुनिया में नहीं है, जिसने इतनी कमाल की फिल्में की हैं। वह एक ऐसे एक्टर हैं जिनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है।'' अदा ने आगे कहा, 'मेरा मतलब है, आप मुझे ट्रोल कर सकते हैं लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति को ट्रोल न करें जो इस दुनिया में नहीं है।'

### सुशांत सिंह राजपूत का घर बेचने में आ रही थी परेशानी

मोंट ब्लैंक अपार्टमेंट में 4 बीएचके अपार्टमेंट काफी शानदार है। यहां से समुद्र का शानदार नजारा देखने को मिलता है और ये 2,500 वर्ग फुट एरिया को कवर करता है, जिसमें एक छत भी है। मुंबई के बांद्रा वेस्ट में कार्टर रोड की छठी मंजिल पर ये फ्लैट है। किरायेदारों या खरीदारों के लिए अपार्टमेंट को दिसंबर 2022 में इसके रियल एस्टेट एजेंट, रफीक मर्चेंट द्वारा ऑनलाइन एडवर्टाइज किया गया था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### वृद्धजन, दिव्यांग तथा असक्षम मतदाता घर में करेंगे मतदान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर-घर जाकर मतदान का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन, असक्षम, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मत पत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। जिले में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता घर में वोटिंग करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराया जाएगा।

### डाक मतपत्र और ईडीसी संबंधी प्रकरणों का सूक्ष्मता से परीक्षण करें

**कांकेर।** लोकसभा आम निर्वाचन के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में मतदान 26 अप्रैल को होगा। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने सुबह पोस्टल बैलेट और ईडीसी यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण कर समस्त प्रकार की प्रविष्टियों का सूक्ष्मता से परीक्षण करते हुए डाक मतपत्र और निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। जिला कार्यालय के कंपोजिट बिल्डिंग स्थित यूनिट में आज सुबह 11.00 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जायज़ा लिया, जहां पर पोस्टल बैलट और निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य में लगे कर्मचारियों से सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशानुसार मतदान करने वाले कर्मचारी के एक एक मतपत्र की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करें।

### संकेत साहित्य समिति की वासंती काव्य गोष्ठी संपन्न

**रायपुर।** संकेत साहित्य समिति द्वारा वृंदावन हॉल रायपुर में कल शनिवार को भाषाविद् ,संगीतज्ञ एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चित्तरंजन कर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज की अध्यक्षता और रामेश्वर शर्मा ,सुरेंद्र रावल ,लतिका भावे तथा संजीव ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में वासंती काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कवयित्री पूर्वा श्रीवास्तव के संयोजन और संचालन में संपन्न हुआ। सरस्वती वन्दना के बाद सभी अतिथियों का सम्मान मोतियों की माला , पुस्तक एवं गुलाब के पौधे लगे गमले भेंट करके किया गया।समिति की उपसचिव पल्लवी झा ने स्वागत भाषण में संकेत साहित्य समिति की स्थापना एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समिति के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' के अभिनव प्रयास को खूबसूरती से रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात व्यंग्यकार गिरीश पंकज ने मौजूदा साहित्यिक परिवेश को रेखांकित करते हुए कहा कि संकेत शब्द कई अर्थों में साहित्य को परिभाषित करता है। संकेत के माध्यम से प्रतीक और बिंब के द्वारा कविता में भावनाओं को अभिव्यक्त किया जाता है।

# भोरमदेव महोत्सव का आगाज, सुप्रसिद्ध कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृखलाओं से घिरे सुरम्यवादियों में स्थिति ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में वर्षों से आयोजित हो रहे भोरमदेव महोत्सव की परंपरा को कायम रखने दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप प्रज्जवलित कर मंत्रोचार के साथ भगवान भोरमदेव की पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ हुआ।**



कलेक्टर जनमेजय महोबे सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने दीप प्रज्जवित कर दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों के पूरे परिवार और दूर दराज से आए ग्रामीणजन उपस्थित थे।

महोत्सव के पहले दिन प्रात: काल बाबा भोरमदेव का महाभिषेक, एक हजार नामों से सहर्षाचन, रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती किया गया। भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन बैगा नृत्य, फाग गीत, छत्तीसगढ़ी लोककला के साथ स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ की लोक-पारंम्परिक लोकगीत गाने के साथ कबीरधाम जिले में आयोजित भोरमदेव महोत्सव वर्ष 2024 के सांस्कृतिक कार्यक्रमो का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ कबीरधाम की ऐतिहासिक, पुरात्तविक, धार्मिक, पर्यटन और जन आस्था का केन्द्र के नाम से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन होते आ रहा है। यह 28 वां भोरमदेव महोत्सव है।

महोत्सव के दौरान भोरमदेव महोत्सव की आरंभ से लेकर वर्तमान दौर तक पूरी विस्तार से जानकारी दी। भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन और जन आस्था के रूप में ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इस मंदिर की ख्याति देश के अलग-अलग राज्यों तक फैली हुई है। यहां साल भर विदेशी, देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में आना होता है। बाबा भोरमदेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद कृष्णपक्ष के तेरस और चौदस को महोत्सव मानाने की यहां परम्परा रही है। साथ में सावन मास में मंदिर में विशेष पूजा अर्चना भी की जाती है। यहां सावन माह में मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में शामिल होते है। इस दौरान ऐतिहासिक महत्व स्थल भोरमदेव मंदिर की भव्यता और उसके महत्व को बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की पूरी जानकारी भी दी।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर शनिवार की रात जिले के कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे पोशक में जहां छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं, लोक संस्कृति पर आधारित गीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के बैगा नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद जिले के स्कूली बच्चों ने सामुहिक नृत्य के साथ अपनी प्रस्तुति दी। बोड़ला के रजउ साहू छत्तीसगढ़ की लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रभुराम धुर्वे की टीम ने फाग गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद सरगम ग्रुप ने दर्शकों को आनंदित किया। छत्तीसढ़ी लोकगीतों के गायन की प्रस्तुति देते हुए श्री गुरूदास मानिकपुरी ने अपने चीर परचीत अंदाज में छत्तीसगढ़ की संस्कृति सहित सुपर डुपर गानों की शानदार प्रस्तुति देकर महोत्सव का मान बढ़ाया।

भोरमदेव महोत्सव के दूसरे दिन बैगा नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्याक्रमों का शुभारंभ होगा। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। कुमार पंडित द्वारा तबला जुगलबंदी की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को आगे बढाएंगे। इसके बाद सारेगामापा विजेता सिंगर सुश्री इशिता विश्वकर्मा एवं उनकी पूरी टीम की सुपर-हिट गीत संगीत से महोत्सव का मंच सजेगा। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार नितिन दुबे द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति सहित सुपर डुपर गानों की शानदार प्रस्तुति देंगे।

भोरमदेव मंदिर के पुजारी ने बताया कि भोरमेदव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद तेरस और चौदस को बाबा भोरमदेव शिव जी के लिए विशेष दिन रहता है। प्राचीन काल से तेरस के दिन मंदिर में विशेष अनुष्ठान और दिव्य श्रृंगार सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान किया गया। यहां प्राचीन काल से मंदिर के समीप स्थानीय मेला का आयोजन भी होते आया है, जो समय के साथ-साथ स्थानीय मेला अब महोत्सव का स्वरूप ले लिया है। उन्होंने बताया कि इन दो दिनो में मंदिर में बाबा भोरमदेव शिव जी का विशेष अनुष्ठान और दिव्य श्रृंगार सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। आज प्रात काल बाबा भोरमदेव का महाभिषेक, एक हजार नामों से सहर्षाचन, रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती किया गया।

### नव मतदाता नवविवाहित मतदाताओं के साथ बुजुर्गों का किया गया सम्मान

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : मतदाताओं को मतदान की दिलायी गयी शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बेमेतरा।** पूरे ज़िले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों कर लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को विकासखंड मुख्यालय बेरला के गोठान चौक मड़ई मेला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। अनुविभागीय अधिकारी ( एसडीम) पिंकी मनहर ने मंच से मतदान की शपथ दिलायी। नागरिकों ने बढ़चढ़ शामिल हुए। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी जोन में सेल्फ़ी ली। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के ज़रिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। राउत नाचा का प्रदर्शन ग्रुप डांस में भारत हूं भारत है मुझ में के साथ सोलो सॉन्ग की रोचक प्रस्तुति दी गयी। स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली बनाई । इससे पहले पिछले माह ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी थी। रैली में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी ने स्थानीय स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी शामिल हुए। इस रैली में विभिन्न जानकारियों को साझा किया गया और मतदान के महत्व को बढ़ावा दिया गया। सायकल रैली मुख्य चौक-चौराहों से होकर गुजरी और बेसिक स्कूल मैदान में समाप्त हुई थी। वही मतदाता जागरूकता और इसके संदेश को पहुंचाने के लिए अनेक नए-नए माध्यम अपनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बेलून ( गैस का गुब्बारा) एक अद्वितीय और प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। बेलून (गैस का गुब्बारा) के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर कार्यालय परिसर एवं ज़िला मुख्यालय के बेसिक मैदान मे बेलून (गैस का गुब्बारा) के माध्यम से स्वीप् का संदेश दिया जा रहा है।

## नुक्कड़ नाटक,सुआ नृत्य, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम सेम्हरतरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत शुभ सवेरा क्लस्टर संगठन श्याम नगर की महिला सदस्यों ने मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी निभाई। इसके माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक,सुआ नृत्य,मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता,कलश एवं दीपक जलाकर रैली निकाला गया। साथ ही सदस्यों ने मतदाता जागरूकता का शपथ लिया।

मतदाता जागरूकता लाने हेतु अमृत सरोवर तालाब में दीप जलाकर दीपदान भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत फिंगेश्वर से एडिशनल सीईओ ज्योति बाला,बीपीएम ठाकुर ,पी ओ रीना , अभय,क्षेत्रीय समन्वयक तेजस्वी सिंहा, रेवती रमन ,पीआरपी हीरालाल गायकवाड,समस्त पंचायत सचिव क्लस्टर संगठन अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, रोजगार सहायिका व ग्राम संगठन पदाधिकारी ,आरबीके, एफ एल सीआरपी,जेंडर मास्टर ट्रेनर,समृद्धि सखी,कृषि मित्र,पशु सखी,पोषण सखी,सक्रिय महिला, एवं बिहान की दिदिया तथा गांव के गणमान्य नागरिक सभी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का दावा

**जगदलपुर ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सोमवार को बस्तर के छोटे आमाबाल में पहुंच रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के बीच सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। छोटे आमाबाल में रैली एवं जनसभा स्थल पर भारतीय जनता पार्टी ने पत्र वार्ता में कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय और प्रभावी नेता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अप्रैल बस्तर को पहुंच रहे हैं।**




समस्त बस्तरवासी उनका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। बस्तर वासियों को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर एनडीए के लक्ष्य अबकी बार 400 पार को पूरा करेंगे। पत्रकारों से चर्चा करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छोटे आमावल से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। मोदी की गारंटी पर बस्तर वासियों को पूरा भरोसा है। केन्द्र सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार भी मोदी की गारंटी को लागू करने में तत्परता दिखाते हुए महतारी वंदन योजना, 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करना, किसानों को समर्थन मूल्य और बोनस प्रदान करना, जैसे कार्यों को मूर्तरूप दिया है। प्रदेश के पूरी 11 सीटों को जीतने के लक्ष्य से भाजपा चुनाव लड़ रही है और हम सभी लोकसभा सीटें जीतेंगे। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र पूरी तरह से झूठ का पुलिंदा है। जिस तरह से कांग्रेस लोक लुभावन झूठे वादों को दिखाकर सत्ता में आई थी और उसी तरह प्रदेश की जनता ने उसे नकार दिया। मौजूदा लोकसभा चुनाव में भी जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करेगी। मोदी की गारंटी पर क्षेत्र की जनता को पूरा भरोसा है। पत्र वार्ता में विधायक एवं क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी कवासी लखमा के विरुद्ध पैसा बांटने का एफआईआर दर्ज है। वे कहां प्रचार कर रहे हैं, किसके साथ हैं, कैसे चुनाव प्रचार कर रहे हैं यह जांच का विषय है। उत्तर और मध्य बस्तर में वो कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। चन्द्राकर ने आशंका जाहिर करते हुये कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी किसी गंभीर षड्यंत्र को अंजाम दे सकते हैं, इसके लिए कार्यकर्ताओं को सचेत किया गया है। वहीं कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने पूर्व आबकारी मंत्री एवं कांग्रेस के कोंटा विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में स्तरहीन और घटिया शराब के विक्रय से अनेक प्रदेश वासियों की किडनी और लीवर खराब हुये हैं, कितने ही लोगों की मौत हो गई। पूर्व आबकारी मंत्री उसके भी दोषी हैं। इन सभी की जांच होनी चाहिए।

# महावीर जन्म कल्याणक पर जैन धर्मावलंबियों ने की जीवों की सेवा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर। म**हावीर का जन्म जीवदया का परिचायक है। महावीर का जीवन तप-त्याग के संस्कारों की शिक्षा देता है। तपस्या से आत्मा पवित्र होती है।आज भगवान महावीर स्वामी के संदेश को हर घर में पहुंचाने की आवश्यकता है। भगवान महावीर का संदेश है कि जीयो और जीने दो। आज के युग में हर जगह हिंसा व्यापक पैमाने में फैली हुई है। ऐसे वातावरण में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति ने सभी जीवो को जीने का समान अधिकार मिले इस भाव से 7 अप्रैल को जीवदया कार्यक्रम आयोजित किया।

सुबह 6.30 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी विमलनाथ जैन मंदिर भैरव नगर सोसायटी से प्रारंभ होकर सीमंधर स्वामी जैन मंदिर सुधर्म विहार रोड होते हुए विजय शांति सूरीश्वर जैन मंदिर, आम्रपाली में संपन्न हुई। प्रतिदिन की तरह सभी धर्म प्रेमी बंधु पारंपरिक श्वेत/केसरिया परिधान में जियो और जीने दो की जयघोष के साथ चल रहे थे। साथ में बच्चे तरह तरह की धार्मिक वेश भूषा धारण कर चल रहे थे। फेरी समाप्ति के बाद बच्चे को धार्मिक फैंसी ड्रेस एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का संचालन साधुमार्गी समता युवा संघ द्वारा विगत कई वर्षों से सफलता पूर्वक किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष विकास धाड़ीवाल, सचिव सिद्धार्थ डागा सहित समस्त सदस्य उपस्थित थे।

प्रतिदिन की तरह नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया था। सुबह 10 बजे स्किल डेवलपमेंट शिविर का आयोजन महावीर इंटरकैटिनेटल ओर्गनाजेशन रायपुर लोकेश कावड़िया द्वारा किया गया जिसमें रोजमर्रा के उपयोग की अच्छी और सस्ती वस्तुएं कैसे बनाई जाती है और उनके माध्यम से कैसे रोजगार स्थापित किए जा सकते सिखाया गया। जीवदया का कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमे आज मछली को आटा जैन फ्रेंड यश गोलछा एवं आशीष डाकलिया, ट्र जयेश बोथरा, तनय लूनीया द्वारा, गाय को छप्पन भोग बढ़ते कदम गौशाला, मुरेठी में जैन सोशल ग्रुप 60 मेंबर द्वारा, चारा गुड़ महावीर गौशाला स्पेशल डायमंड ग्रुप चिटि को आटा जीवदया प्रेमी ग्रुप द्वारा दिया गया। यह सेवा सीधे ईश्वर की सेवा है। सभी उपस्थित बंधुओ ने कहा को इस परमार्थ के कार्य को हमेशा करते रहेंगे ऐसा बताया और सभी का सहयोग उनके साथ है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज जन मौजूद रहें।

आदिश्वर महिला मंडल डी. डी.नगर ने विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। दवा का वितरण जैन प्रयास ग्रुप द्वारा किया गया। दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा मेकाहारा में भोजन का वितरण किया गया। किड्स कार्निवल का आयोजन वर्धमान महिला मंडल राजेंद्र नगर द्वारा किया गया। जीवोदया का कार्यक्रम वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल आम्रपाली द्वारा एवं जिनकुशल सज्जन महिला मंडल व भारतीय जैन संघटना एवं हेल्प हैंड्स सर्वे फाउंडेशन द्वारा ऋषभ बहुमंडल शैलेंद्र नगर द्वारा किया गया।

दिगंबर जैन महिला समिति एवं सेवा ग्रुप रायपुर विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 5000 लोगो ने इसका लाभ लिया। गुड टच बेड टच एवर्नेस प्रोग्राम दिगंबर जैन महिला मंडल मालवीय रोड द्वारा किया गया। तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा गन्ना रस का वितरण किया गया। जैन यूवा महिला मंडल एवं गोल्डन एज क्लब द्वारा विशेष थेरेपी का आयोजन किया गया। सुलसा बहुमंडल द्वारा श्वान को रोटी दी गई।

### छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश

**कोरबा ।** जिले में सोमवार की सुबह से ही दूसरे दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। देर रात झमाझम बारिश होने लगी। वहीं सुबह से ही काली घटा छाई हुई है। वहीं जिले में कई जगहों पर तेज हवा और गरज के साथ कहीं-कहीं बारिश हुई। बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच लोगों को आज राहत जरूर मिली। बारिश से तापमान में भी असर पड़ेगा है और पारा तीन से पांच डिग्री तक गिरने की की संभावना जताई जा रही है। इसका असर दिन भर रहने की संभावना है। सुबह कोरबा के हेलीपैड पर क्रिकेट खेल रहे लोगों से हमने बातचीत की।



















## खास खबर



### नेवी अफसर के घर लाखों की चोरी

**भिलाई।** दुर्ग के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले नेवी अफसर के घर पर लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। यहां के मानसरोवर कॉलोनी में रहने वाले नेवी अफसर का परिवार बनारस अपने पैत्रिक गांव गए हुए थे और घर पर ताला लगा हुआ था। रविवार को जब वे वापस लौटे तो उन्हें पता चला कि घर पर चोरी हुई है। इस मामले में पद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मानसरोवर कालोनी पद्मनाभपुर निवासी पायल पाण्डेय ने थाने पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति निलेश पाण्डेय नेवी में हैं और उनकी पोस्टिंग मुम्बई में है। वे कुछ दिन पहले की छुट्टी में घर आए। इसके बाद सपरिवार सभी 29 मार्च 2024 को शाम को घर पर ताला लगाकर अपने पैतृक ग्राम टिकरी, बनारस (उत्तर प्रदेश) चले गए।

गांव से रविवार सुबह 10:30 बजे अपने घर ग्राम हनोदा मानसरोवर कॉलोनी लौटे। बाउण्ड्री वाल का गेट का ताला खोलकर अन्दर जाकर देखे तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर सारा सामान बिखरा हुआ मिला। घर पर रखी 2 लोहे का अलमारी व 2 लकडी की अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। सामान का मिलान करने पर 2 तोले की सोने का चेन लाकेट लगा हुआ, 5 जोडी कान के लम्बे टाप्स, 1 नग सोने की अंगुठी व सीसी टीवी कैमरे का डीबीआर चोरी हो गया।

### तालपुरी में रिटायर्ड बीएसपी कर्मी के घर पर चोरी

चोरी का एक अन्य मामला तालपुरी इंटरनेशनल कालोनी तालपुरी ट्युलिप 335 में भी सामने आया है। यहां रहने वाले महेन्द्र कुमार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में अताया कि शनिवार 6 अप्रैल को वह अपने परिवार सहित दोपहर करीबन 12.30 बजे रायपुर अपने निजी काम से गया हुआ था। इस बीच घर पर ताला लगा दिया। शाम लगभग 7.30 उनके पड़ोसी अनिल शर्मा ने फोन करके बताया कि उनके घर में कोई चोरी की नीयत से घुसा है। इसके बाद देर रात लगभग 10.30 बजे वह घर पहुंचा। वापस लौटने के बाद उसने देखा कि घर का मेन दरवाजे का लाक वाला हिस्सा टूटा हुआ था। घर अंदर देखने पर बेडरुम की आलमारी में रखा एक डायमंड रिंग, सोने का नोस पिन 4 नग, चांदी का पायल 3 नग, चांदी का सिक्का 12 नग एक ग्राम गोल्ड का लाकेट हनुमान जी छपा हुआ, चांदी की बिछिया 3 नग, इंपोर्टेड घड़ी, दो पुरानी इस्तेमाली मोबाइल चोरी हो गया। चोरों ने घर से लाखों की ज्वेलरी पर हाथ साफकर दिया। इस मामले में शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एंबुलेंस से गांजा तस्करी, 2 करोड़ का गांजा जब्त

## पुलिस जांच में पकड़ाए तस्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े गैंग को पकड़ने में सफलता पाई है। तस्करों ने गांजा तस्करी के लिए 108 एंबुलेंस का सहरा लिया। एंबुलेंस में भरकर गांजा ओड़िशा से मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था। बलौदाबाजार- भाटापारा सड़क मार्ग में चौंक के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने 108 एंबुलेंस को रुकवाया। जांच हुई तो पुलिस भी हैरान रह गई। एंबुलेंस में एक दो नहीं बल्कि पूरे 7 क्विंटल 52 किलो गांजा अलग अलग पैकेट में भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने एंबुलेंस के साथ गांजा जब्त किया। जब्त गांजा का बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ 25 लाख 60 हजार रुपए बताया जा रहा है। तस्करों के पास पुलिस ने 50 हजार रुपए नगद भी बरामद किया है। पुलिस ने गांजा, नगदी व एम्बुलेंस सहित कुल 2 करोड़ 41 लाख 10 हजार रुपए का मशरूका जब्त करने में सफ्लता पाई है।

उल्लेखनीय है कि ओड़िशा से बड़ी मात्रा में गांजा की तस्करी होती है और छत्तीसगढ़ के रास्ते अन्य राज्यों में पहुंचता है। तस्करों द्वारा अलग अलग तरीकों से गांजा की तस्करी की जाती है। आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा एएसपी अविनाश ठाकुर को जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से गिधौरी, कसडोल, बलौदाबाजार होते हुए भाटापारा की ओर जाने वाली सड़क मार्ग में लगातार पुलिस द्वारा निगरानी करने निर्देशित किया गया। इसी बीच थाना कसडोल के निरीक्षक परिवेश तिवारी को मुखबिर एवं विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिली कि 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से बलौदाबाजार होते हुए सड़क मार्ग द्वारा एम्बुलेंस वाहन के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा लेकर गांजा तस्कर आने वाले हैं।

सूचना पर एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में साइबर सेल से प्रभारी उप निरीक्षक प्रियेश जान, प्रधान आरक्षक भारत पठारी, आरक्षक यशवंत यादव अजय यादव, अभिनव चौबे, राकेश पाटले एवं अरविंद कौशिक की टीम द्वारा बताए गए एंबुलेंस का पीछा किया गया। थाना भाटापारा ग्रामीण से थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पाटले के नेतृत्व में उनि नारद बंजारे, प्रआर सुनील वैष्णव, नरेंद्र निषाद, मनोज वर्मा, आरक्षक तिलक चन्द्रवंशी, अजय साहू, कृष्णा जांगड़े, गौरीशंकर कश्यप, आशुतोष बंजारे की पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाज़ार-भाटापारा सड़क मार्ग में पटपर चौक पेट्रोल पम्प के पास नाकाबंदी की गई। वहां पर 108 एम्बुलेंस वाहन क्रमांक सीजी 04 एचडी 7836 को रोका गया। एम्बूलेंस में चालक सहित 2 लोग बैठे थे, जिनसे पूछताछ पर दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लग रही थी। तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को नीचे उतारकर एम्बुलेंस वाहन की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान वाहन के पीछे 24 प्लास्टिक बोरी में 752 पैकेट में बंधा गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात 108 एम्बुलेंस वाहन में मिले गांजा का विधिवत तौल कराया गया जो कि कुल 7 क्विंटल 52 किलो निकला। पुलिस ने पूरा गांजा जब्त किया। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 2 करोड़ 25 लाख 60 हज़ार रुपए बताया गया है। साथ ही 108 एम्बूलेंस वाहन क्र. सीजी 04 एचडी 7836 अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए तथा आरोपियों से नगद ?50,000 भी जप्त किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण कार्रवाई में 752 किलोग्राम गांजा सहित कुल 2 करोड़ 41 लाख 10 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया गया है। जांच पर एंबुलेंस वाहन की डेक्स बोर्ड में दो नंबर प्लेट, जिसमें एमएच 43 बीएक्स 5728 भी जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपियों में सागर चौहान (24) निवासी चन्द्रनगर वार्ड न. 11 कोहका कुम्हारी, जिला दुर्ग तथा वकील कुमार गौतम (31) निवासी धनावर थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी सागर चौहान द्वारा एंबुलेंस वाहन को रायपुर से लेकर आरंग, बसना, सरायपाली होते हुए बरगढ़ उड़ीसा ले जाया गया, तत्पश्चात वहां से गांजा लेकर सुहेला, डोंगरीपाली, बरमकेला, सारंगढ़, गिधौरी, लवन, बलौदाबाजार, भाटापारा होते हुए मध्य प्रदेश ले जाने की आरोपियों की योजना थी। एंबुलेंस वाहन हेमंत सिंह निवासी नवी मुंबई के नाम पर दर्ज है, जिसके द्वारा शिवशंकर नामक व्यक्ति के माध्यम से एंबुलेंस वाहन को अंकित दिल्ली निवासी को बिक्री करना बताया गया है, परंतु अभी तक वाहन स्वामी नाम ट्रांसफर नहीं कराया गया है। प्रकरण में एंबुलेंस स्वामी हेमंत सिंह, अब्दुल अंसारी निवासी मिशन रोड कोरबा एवं भिलाई निवासी प्रतीक की पतासाजी जारी है।

## क्रिकेट कीट बैग में गांजे की तस्करी

### भारी भरकम लगेज के साथ सफर, रेलवे की टास्क टीम ने ऐसे पकड़ा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों गांजा तस्करी के मामले लगातार बढ़ गए हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों में तस्करों द्वारा भारी मात्रा में गांजा ट्रेवल किया जा रहा है। इस बीच रेलवे की मंडल टास्क टीम को गांजे की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली है। मंडल टास्क टीम दुर्ग व आरपीएफने संयुक्त रूप से रेड कर पूरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के ए-1 कोच से एक युवक को पकड़ा। युवक क्रिकेट किट बैग सहित भारी भरकम लगेज के साथ सफर कर रहा था। टास्क टीम ने जब उसके लगेज की तलाशी ली तो 68 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की कीमत 13 लाख 65 हजार रुपए बताई जा रही है। फिलहाल मामले में जीआरपी दुर्ग आगे की कार्रवाई कर रही है।

बता दें मंडल सुरक्षा आयुक्त एसके गुप्ता के दिशा निर्देशन में मंडल टास्क टीम दुर्ग एवं आरपीएफपोस्ट दुर्ग के द्वारा आपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर की सूचना के आधार पर गाड़ी संख्या 12843 पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के कोच नं -1 के बर्थ नंबर 15 पर सफर कर रहे यात्री को पकड़कर गाड़ी से उतारा गया। युवक ने अपना नाम इरफान खां उर्फ फिरोज, पिता रमजानी खां (28) निवासी-सलेमपुर, थाना-इगलास, जिला-अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला बताया। युवक ट्रेन में भारी भरकम लगेज के साथ सफ्र कर रहा था। युवक के पास से पुलिस ने मेहरून रंग ट्रॉली बैग, हरा रंग का ट्रॉली बैग, हरा रंग दो चक्का का ट्रॉली बैग, नीला रंग क्रिकेट किट बैग, लाल काला ग्रे रंग का पिठ्ठू बैग बरामद किया। युवक के पास इतना लगेज देखने के बाद पुलिस ने एक एक बैग खोलकर चेक किया। जांच में पुलिस ने 5 बैग से कुल 13 पैकेट गांजा जिसका कुल वजन 68 किलो 250 ग्राम पाया गया। जिसकी कीमत 13 लाख 65 हजार रुपए है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत् विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरामद



गांजा को पलासा (आंध्र प्रदेश) से खरीदकर गाड़ी संख्या 12843 पूरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के ए-1 कोच में पलासा से नागपुर होते हुए रेल मार्ग से अलीगढ़ उत्तरप्रदेश बेचने के लिए जा रहा था। इस बीच टास्क टीम की गिरफ्त में आ गया। कार्रवाई में पकड़े गए उक्त आरोपी व जब्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित विधिवत कार्रवाई के बाद शासकीय रेल पुलिस थाना दुर्ग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपा गया। कार्रवाई सुपुर्द किया गया जिस पर शासकीय रेल पुलिस थाना दुर्ग द्वारा अपराध क्रमांक 43/24 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### 41 किलो गांजा के साथ नेहरू नगर में पकड़ाया आरोपी

गांजा तस्करी के एक अन्य मामले में सुपेला पुलिस ने नेहरू नगर से एक आरोपी को पकड़ा है। दरअसल मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नेहरू नगर गांजा के साथ बस का इंतजार कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने बताए गए हुलिया के आधार पर नेहरू नगर चौक पहुंचकर रेड कार्रवाई कर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम राजपाल महतो निवासी गोपालगंज बिहार का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से बैग में रखे 41 किलो 850 ग्राम गांजा कीमती 8 लाख 37 रुपए जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, एएसआई राजेश सिह, प्रधान आरक्षक प्रकाशचन्द्र तिवारी, उपेन्द्र सिंह, आरक्षक विशाल सिंह, विवेक सिंह, अजीत सिंह, कपिल चौधरी, जुनैद सिद्धीकी, का विशेष योगदान रहा।

## फर्जी तरीके से दी 51 लोगों को नौकरी

**राजनांदगांव-रायपुर।** जिला सहकारी बैंक में कांग्रेस शासन काल में फर्जी तरीके से नियमों को ताक पर रखकर की गई भर्ती का मामला विधानसभा में उठते ही कार्रवाई शुरू हो गई है। इसकी जांच के बाद रजिस्टार फर्म एंड सोसायटी आधा दर्जन अधिकारियों की टीम जिला सहकारी बैंक में पहुंची थी। छत्तीसगढ़ विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ध्यानार्कषण में एक प्रश्न लगाया था जिसमें राजनंदगांव जिला सहकारी बैंक में 51 विभिन्न पदों पर फर्जी तरीके से नियुक्तियां की गई थी जिसके बाद सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जांच के आदेश दिया था। इन लोगों की नियुक्तियां शासन आदेश या नियमानुसार नियुक्ति नहीं की गई।

इस पूरे मामले में पैसे के लेन-देन का मामला भी सामने आ रहा है। वहीं रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग के नियम के तहत आधा दर्जन से अधिक रजिस्ट्रार के नेतृत्व में जांच की जा रही है। मामला अगर फर्जी नियुक्ती प्रथम दृष्टि फर्जी पाया गया जिसके चलते 51 दैनिक वेतन भोगी की सेवाएं पहले ही समाप्त कर दी गई है। वहीं आने वाले समय में जिनकी भी भूमिका दिखाई देगी उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

### कबाड़ियों पर गिरी पुलिस की गाज, 44 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की पुलिस ने अवैध कबाड़ खरीद-बिक्री करने वाले 44 कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रायपुर के अलग-अलग इलाकों से ये गिरफ्तारियां की हैं। इनके पास से पुलिस ने 97 लाख रुपए का कबाड़ जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि ये कबाड़ी चोरी के सामानों को खरीदकर उसे बेच दिया करते हैं। जिसके बाद से पुलिस लगातार इन पर निगरानी रख रही थी। 3 दिनों तक कबाड़ियों के खिलाफ जिले में बड़ा अभियान चलाया गया।

## चाकू की नोक पर ट्रक चालक से लूट, दो गिरफ्तार

### सुपेला कोसानाला टोलप्लाजा के पास की घटना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोसानाला टोल प्लाजा पर बीती रात एक ट्रक चालक से चाकू की नोक पर लूटने वाले बदमाशों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने आधीरात को ट्रक रुकवाया और चालक को चाकू दिखाकर 3000 रुपए व मोबाइल लूट लिया। इस मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की और दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से



लूट की रकम 1740 रुपए व मोबाइल बरामद किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नागपुर महाराष्ट्र निवासी विक्की देवीदास उईके ने अपनी शिकायत में बताया कि वह ट्रक लेकर मुंबई जा रहा था। शनिवार आधीरात लगभग 1:30 बजे कोसानाला टोलप्लाजा के पास दो बदमाशों ने चाकू की नोक पर उसके जेब में रखे 3000 नगदी एवं मोबाइल को लूट कर ले गये। इस मामले में शिकायत के बाद सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को संदिग्ध का पता चला। इसके आधार पर पुलिस ने संदेही कृष्णा राजभर एवं समीर खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी कृष्णा राजभर आदतन अपराधी है एवं थाना छावनी का निगरानी बदमाश है। इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेश मिश्रा, एएसआई दिनेश सिंह, नीलकुसुम भदौरिया, प्रधान आरक्षक भरत यादव, आरक्षक सुरेन्द्र गिरी, सुरेन्द्र पटेल, सूर्य प्रताप सिंह, श्यामजी मिश्रा का विशेष योगदान रहा है।

# रफ्तार का कहर: ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा

## एक की मौत, दूसरा जिंदगी से लड़ रहा जंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिले में हादसों का दौर लगातार जारी है। चाहे मुख्य मार्ग की बात करें या फिर बायपास रोड की। लगातार सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है। एक बार फिर से तेज रफ्तार ट्रेलर बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जहां इस हादसे में बाइक पर सवार एक बुजुर्ग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया और देखते ही देखते भीड़ एकत्रित हो गई। जहां बाइक चला रहे युवक को 108 के माध्यम से पाली के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

ये घटना पाली थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग की है। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले के



पाली ग्राम मुनगाडीह मार्ग में एक ट्रेलर ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बिलासपुर जिले के नेहरूनगर निवासी श्यामलाल रामानी 60 वर्षीय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसके साथ ही बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए परिजनों को घटनाक्रम की सूचना दी गई। वहीं शव को अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

स्थानीय लोगों की मानें तो इस मार्ग पर भारी वाहनों का काफी दबाव रहता है। जिसके चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। लापरवाही पूर्वक भारी वाहन के चालक घटना को अंजाम देते हैं। स्पीड वाहन और नशे की हालत में वाहन चलाने के चलते अक्सर ये हादसा होता है। इस पर संबंधित विभाग के द्वारा लगाम लगाई जानी चाहिए। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने बताया बाइक सवार दोनों बिलासपुर से कोरबा किसी काम से आ रहे थे। इस दौरान यह हादसा हुआ है। पाली पुलिस की मानें तो ट्रेलर चालक फरार है। घायल व्यक्ति सीएचसी पाली में भर्ती है। पुलिस ने पहचान उपरांत हादसे की जानकारी उनके परिजनों को दे दी है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ढाबा में जा घुसा, जनहानि नहीं

रविवार को सुबह कोरबा हाटी सब हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर सड़क के किनारे स्थित बंटी ढाबा में जा घुसा। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कोरबा जिले के ऊरगा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत भेसमा में सुबह लगभग 5 बजे यह घटना हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा की तरफ आ रहा एक ट्रेलर एकाएक बेकाबू हो गया और सड़क से उतरकर ढाबा में जा घुसा। संयोग से इस दौरान कोई व्यक्ति ढाबा के आसपास नहीं था, इसलिए जनहानि नहीं हुई। लेकिन ढाबा को नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने संज्ञान लिया। पुलिस थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि ढाबा संचालक को हमने कहा है कि वह इस बारे में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए ताकि अगली कार्रवाई की जा सके।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### प्रायवेट स्कूलों पर लगाम लगाए सरकार : क्रिष्टोफर पॉल

**दुर्ग।** शिक्षा सत्र आरंभ होते ही प्रायवेट प्रायवेट स्कूलों के द्वारा किताबों और फीस के नाम पर पालकों को लुटना आरंभ कर दिया है। आदेश तो दिया गया था कि अशासकीय शालाओं को केवल संबंधित बोर्ड द्वारा संचालित पाठ्यक्रम एवं बोर्ड द्वारा प्रचालित पुस्तकें ही विद्यालयों में प्रयोग करना है, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। एनसीईआरटी वह प्रकाशन संगठन या प्रकाशक है, जो सीबीएसई विषयों के लिए किताबें प्रकाशित करता है। सीबीएसई संबद्ध स्कूल एनसीईआरटी पाठ्य-पुस्तकों का पालन करते हैं। वैसे ही एससीईआरटी वह प्रकाशन संगठन या प्रकाशक है जो सीजी बोर्ड विषयों के लिए किताबें प्रकाशित करता है। सीजी बोर्ड संबद्ध स्कूल एससीईआरटी पाठ्य-पुस्तकों का पालन करते हैं, वैसे ही आईसीएसई स्कूलों के लिए सीआईएससीई किताबें निर्धारित करती है, लेकिन ऐसा होता नहीं, क्योंकि अधिकांश प्रायवेट स्कूलों के द्वारा प्रायवेट प्रकाशकों की मंहगी-मंहगी किताबों से ही बच्चों को पढ़ाया जाता है, क्योंकि प्रायवेट प्रकाशकों की किताबों को पढ़ाने से स्कूलों को प्रायवेट प्रकाशकों की तरफसे मोटी कमिश्न मिलता है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल पॉल का कहना है कि प्रायवेट स्कूलों के द्वारा खुलेआम पालकों को लुटा जा रहा है और सरकार मुकदर्शक बन तमाशा देख रही है। सरकार चाहे तो स्कूल पर लगाम लगा सकती है, सख्त आदेश निकाल सकती है, स्कूलों की मान्यता रद्द कर सकती है, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है, इसलिए प्रायवेट स्कूलों का मनोबल बढ़ते जा रहा है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने संबंधी समूह 06 की ऑनलाईन बैठक में तय हुए अनेक बिन्दु

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लिये गये निर्णयानुसार समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने जा रही है। शासन के आदेश के परिपालन में गठित विभिन्न उच्च स्तरीय समितियों में समिति क्रमांक 06 की ऑनलाईन बैठक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा की अध्यक्षता में आज आयोजित हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ में अगामी शिक्षण सत्र 2024-25 से लागू होने वाली राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के संबंध में शासन पर आने वाले वित्तीय भार के संबंध में समिति के सदस्यों के मध्य विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक के संबंध में चर्चा करते हुए कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने बताया कि की बैठक में उनके स्वयं के अलावा डॉ. जे. एस. विरदी, रूसा कार्यालय, रायपुर से डॉ. वेणुगोपाल, शासकीय डीबी गर्ल्स कॉलेज, रायपुर की प्राचार्य, डॉ. किरण गजपाल, बिलासपुर के प्राचार्य, डॉ. राजीव खेर, शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, डॉ. आषीष कुमार आसटकर, डॉ. ए. के. द्विवेदी तथा मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलसचिव, जी. पांडा ऑनलाईन रूप से उपस्थित थे। डॉ. पल्टा ने बताया कि अगामी सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ के समस्त विष्वविद्यालयों में लगभग साढ़े तीन लाख विद्यार्थी के अध्ययनरत् होने की आषा है। पिछले कई वर्षों के आंकड़ों का विष्लेषण करने पर यह प्रतीत होता है कि प्रत्येक वर्ष उच्च षिक्षा में लगभग 50 से 60 हजार विद्यार्थी की संख्या में वृद्धि होती है। शासन की यह मंषा है कि सन 2035 तक छत्तीसगढ़ का जीईआर अनुपात 50 प्रतिषत् के आस-पास हो जावे। डॉ. पल्टा ने कहा कि उनकी समिति राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के लागू होने पर प्रति छात्र शासन पर आने वाले व्यय का आंकलन भी करने का प्रयास करेगी। यह अभी प्रक्रियाधीन है। शिक्षा के साथ-साथ शोध को बढ़ावा देने के लिए भी यह समिति विभिन्न प्रस्ताव अनुमोदन हेतु शासन को प्रस्तुत करेगी।

# राइसमिल में आग से मचा हड़कंप

## 8 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिले के अंडा थाना क्षेत्र स्थित एक राइस मिल में सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। सोमवार की सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच आग लगी और देखते ही देखते फैलने लगी। जैसे ही इसकी सूचना जिला अग्निशमन अधिकारी को मिली तो तत्काल फायरब्रिगेड को रवाना किया गया। लगभग 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि इस आग से राइस मिल संचालक को बड़ा नुकसान हुआ है।





मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुथरेल गांव में स्थित हनुमान राइस मिल में आज सुबह भीषण आग लग गई। सुबह 4-5 बजे के करीब आग लगी और जिला अग्निशमन केन्द्र को इसकी सूचना सुबह पांच बजे मिली। सूचना मिलते ही सुबह 5:20 बजे तक अग्निशमन विभाग की चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग कर्मचारियों ने 19 गाड़ी पानी से लगभग 8 घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### एक के बाद एक आती रहीं गाड़ियां

आग लगने की सूचना के बाद जब दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची तो आग काफी फैल गया था। बुझाने के प्रयास में एक गाड़ी खाली होती तो उसे भेजकर दोबारा पानी भरकर वापस बुलाया जाता रहा। चार गाड़ियों को 19 बार लोड व अनलोड किया गया तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं मौके पर अंडा पुलिस भी डटी रही। राइसमिल के संचालक छगन लाल चाड़क ने बताया कि आग लगने के कारण उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

### सुबह 5 बजे मिली सूचना

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग दुर्ग के कमांडेंट नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनके पास सुबह 5 बजे आग लगने की सूचना आई थी। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को रवाना किया। पहली फायर ब्रिगेड 5.20 बजे मौके पर पहुंची। वहां जाने पर पता चला की आग काफी बड़ी है। इसके बाद एक के बाद एक 6.14 मिनट में तीन और दमकल वाहन वहां पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। 19 बार दमकल वाहनों को घुमाया गया और आग पर काबू पाया गया।

# बीएसपी के निदेशक प्रभारी ने किया चिकित्सालय एवं नगर सेवाएं विभाग का दौरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कई क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने के साथ अन्य कार्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है और उपलब्धियां हासिल की है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 6 अप्रैल 2024 को बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग और नगर सेवाएं विभाग का दौरा किया।

सभी अधिकारियों और कार्मिकों से मुलाकात की, उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।इस भ्रमण के दौरान अनिर्बान दासगुप्ता के साथ कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, सुब्रत मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, ए के पंडा, समीर स्वरूप, पवन कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी-प्रभारी डॉ. रवींद्रनाथ एम उपस्थित थे।



जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में, निदेशक प्रभारी दासगुप्ता सहित सभी कार्यपालक निदेशकों का स्वागत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रवींद्रनाथ एम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर चिकित्सालय के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण तथा वरिष्ठ चिकित्सकों सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। डॉ. रवींद्रनाथ ने पिछले वित्तीय वर्ष में अर्जित की गयीं उपलब्धियों और चुनौतियों एवं नवीन वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

चिकित्सा एवं स्वस्थ्य सेवाएं बिरादरी को संबोधित करते हुए अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं हमारे संगठन के कर्मचारी कल्याण का एक अभिन्न एवं अनिवार्य हिस्सा है। कई चुनौतियों के बावजूद, चिकित्सा एवं स्वस्थ्य सेवाएं विभाग ने कर्मचारियों को श्रेष्ठ संभव स्वास्थ्य सेवाएं और भिलाई के नागरिकों के लिए उपचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। श्री दासगुप्ता ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए चिकित्सा एवं स्वस्थ्य सेवाएं बिरादरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, हम डायग्नोस्टिक उपकरणों को अपग्रेड करके स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।

नगर प्रशासन भवन में, मुख्य महाप्रबंधक जेवाई सपकाले ने नगर सेवायें विभाग की ओर से निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और सभी कार्यपालक निदेशकों का स्वागत किया। सपकाले ने पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग के प्रदर्शन पर एक संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों के साथ टीएसडी के जन स्वास्थ्य, बागवानी, प्रवर्तन और सीएसआर सहित संबंधित अनुभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने लिया संकल्प




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा रविवार को आयोजित बैठक में देवांगन समाज ने मतदाता जागरूकता का परिचय देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया है । समिति की बैठक में परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। बैठक में जानकारी दी गई कि परमेश्वरी मंदिर में 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा के बाद मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किया जाएगा। 13 अप्रैल को पंचमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार कर संध्या समय विशेष आरती, 16 अप्रैल को अष्टमी की पूजा एवं 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे हवन एवं आरती के पश्चात विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि में प्रतिदिन परमेश्वरी मंदिर में संध्या समय जस गीत, भजन एवं भक्ति संगीत का आयोजन होगा। समयानुसार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कवि गोष्ठी, विचार गोष्ठी आदि का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन संध्या समय भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओटी की स्टाफ नर्स ने निभाया मानवता का फर्ज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में डिलीवरी मरीज श्रीमती साक्षी यादव को रक्त की जरूरत थी । उनका एचबी 8 ग्राम था। जिला चिकित्सालय दुर्ग की डॉ. विनीता धुर्वे के मार्ग दर्शन एवं दिशा निर्देश पर ओटी के दो स्टाफ नर्स श्रीमती बिंदु मैथ्यू, कुमारी यशोदा पटेल दोनों के द्वारा ए पाजिटिव ब्लड दिया गया। तथा साक्षी यादव का यूएसके बैड डॉ. ममता पांडे के मार्गदर्शन में डॉ. विनीता धुर्वे, डॉ. रिम्पल भाटिया, एस एन रजनी द्वारा ऑपरेशन किया गया। बेहोशी डॉ संजय वालवंद्रे द्वारा दिया गया । ओटी स्टाफ सुखनंदन, एन ललित, उपस्थित थे। अब तक डॉ. विनीता द्वारा ड्वाज़् 78 जुड़वाँ बच्चे कराये गए हैं। मां और बच्चा स्वस्थ हैं। साथ ही डिलीवरी मरीज ज्योति को भी ब्लड की आवश्यक थी। तो डॉ. राकेश सिंह, डॉ.नेतरानंद दोनों के द्वारा ए पाजिटिव और डॉ.आदित्य के द्वारा बी पाजिटिव बहुमूल्य रक्तदान मरीज के लिए किया गया7 इस रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन अधिकारी एके साहू, ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, ब्लड बैंक रक्त कोष अधिकारी डॉ. नेहा नलवाया, काउंसलर एंथोनी, स्टाफ नर्स श्रीमती तरूणा रावत, श्रीमती सती गुप्त टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर,अमन शील अटेंडेंट हिमांशु चंद्राकर और जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर सतीश सुराना उपस्थित थे।

# राजेन्द्र साहू ने बाबा श्याम के दरबार में दर्शन लाभ लेकर श्रीमद्भागवत सुनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने रविवार को अपने दौरे के दौरान अग्रसेन भवन खुर्सीपार भिलाई में श्री श्याम बाबा का दर्शन लाभ लेकर मंदिर में आयोजित भजन का आनंद लिया। अपने दौरे में आज सेक्टर - 5 यूनियन बैठक भक्त माता कर्मा महोत्सव श्री कृष्ण कर्मा माता मंदिर प्रांगण घासिदास नगर वार्ड - 23 भिलाई में पूजा अर्चना की ओर उपस्थित बुजुर्गों का आर्शीवाद लिया।

इस आयोजन में पार्षद उषा विनय शर्मा, गिरीश साहू सचिव, पुरषोत्तम साहू अध्यक्ष, राजू साहू अभय साहू थान सिंह साहू कृष्णा साहू छांगु साहू शिव प्रसाद साहू कलिंग साह दिन दयाल साहू एवं सैकड़ो सामाजिक बन्धु उपस्थित थे। दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव, सिरनाभाटा मैदान, धमधा जिला दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए जहाँ उन्होंने भक्त माता कर्मा के जीवन से जुड़ी बातों एवं उनकी भक्ति पर अपनी बात रखी। संध्या 5 बजे अग्रसेन भवन दुर्ग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में उपस्थित होकर कथा सुनी एवं कथा वाचक आचार्य जी का आर्शीवाद लिया।



दुर्ग कांग्रेस कमेटी की बैठक में आज ग्राम उरला में बैठक आयोजित की गयी, बैठक में लोकसभा दुर्ग के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र न्याय पत्र है यह हमारे शीर्ष नेतृत्व ने लोगों के बीच की समस्याओं को उठाकर उनके निराकरण हेतु यह घोषणा पत्र जारी की है। हर किसी के लिए समान अवसर स्वास्थ्य का सुविधा और निर्भक वातावरण का वादा कांग्रेस सरकार करती है। आज हम देख रहे हैं कि पिछले 10 सालों में देश में अराजकता बहुत फैली है। जातिवाद बहुत फैला है। सोशल नेटवर्किंग खत्म सा कर दिया गया है। बेरोजगारी की दर बेहद चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुकी है किंतु केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार को इन सब चीजों से कोई लेना-देना नहीं है। हमारे घर में चूल्हा कैसे जलेगा इसकी चिंता भारतीय जनता पार्टी की सरकार को नहीं है और बेहद निर्लज्जता से वह कहते हैं कि हम 80 करोड़ जनसंख्या को 5 किलो राशन दे रहे हैं। यह बातें बताती है कि देश में आर्थिक असमानता कितनी है। हमें समान अवसर की आवश्यकता है हमें बराबरी का हक है और यह हक हमें संविधान देता है। हमें संविधान की रक्षा करनी है हमें देश की रक्षा करनी है।

दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने महिला न्याय गांरटी योजना की बात कही और सभी महिलाओ को कांग्रेस की महिला न्याय गारंटी योजना 1 लाख रुपये सलाना का लाभ लेने हेतु फार्म भरने की बात कही। कांग्रेस कमेटी दुर्ग अध्यक्ष गया पटेल ने बैठक में कांग्रेस की सभी प्रमुख 5 योजनाओं की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने की बात कही।

# घरों और मस्जिदों में इफ्तार के बाद से सुबह तक चलता रहा इबादतों का सिलसिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रमजानुल मुबारक में शबे कद्र पर 6 अप्रैल शनिवार की शाम से 7 अप्रैल रविवार की अलसुबह तक शहर की तमाम मस्जिदों में खूब रौनक रही। मस्जिदों और घरों में 26 वां रोजा और 27 वीं शब (रात) इबादत में गुजरे। रोजेदारों ने मिलजुल कर इफ्तार किया और रात से सुबह तक इबादत करते रहे।

सुबह के वक्त शहर की तमाम मस्जिदों में सहरी का इंतजाम भी किया गया। शबे कद्र पर शहर की तमाम मस्जिदों और घरों में खैरो-बरकत के लिए दुआओं और अपने गुनाहों के लिए माफी मांगने के साथ नफ्लि इबादतें जारी रही। सभी मस्जिदों में विशेष नमाज (तरावीह) के बाद इमाम, मुअज्जिन और मोतकिफ सहित दीगर लोगों का इस्तकबाल किया गया। शहर की मस्जिदों में रुक कर इबादत के लिए रात भर जागने वालों के लिए सेहरी के लिए खास इंतजाम किए गए थे। मस्जिदों में नमाज के बाद तकरीर में शबे कद्र की फ्जीलत बयान की गई। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में इमामो-खतीब हाफ्जि इकबाल अंजुम हैदर ने शबे कद्र की रात की इबादत की अहमियत बयान की। यहां रात में विशेष नमाज (सलातुत तस्बीह) भी बा-जमाअत पढ़ाई गई। इसी तरह शहर की दूसरी मस्जिदों में भी लोग रात भर इबादत करते रहे। मस्जिद शेरे खुदा हाउसिंग बोर्ड में भी इमाम-मुअज्जिन और दीगर लोगों का शानदार इस्तकबाल किया गया।




मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 मदरसा जामिया अरबिया भिलाई के मौलाना इनामुल हक ने बताया कि दूर्रे मन्सूर में हजरत अनस (रजि.) ने नबी हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का इरशाद नकल किया है कि शबे कद्र हक ताला शान हु ने मेरी उम्मत को दी है पिछली उम्मतों को नहीं मिली है। इसका कारण पिछली उम्मतों के लोगों की उम्र बहुत-बहुत हुई मेरी उम्मत की उम्र बहुत थोड़ी है। अगर वे नेक अमल में उनकी बराबरी करना चाहें तो नहीं कर सकते। शेखुल हदीस हजरत मौलाना जकरिया रहमतुल्लाह ने अपने रिसाले फ्जाईले रमजान मुबारक मे शबे कद्र के मुत्तालिक लिखा है कि रमजान मुबारक महीना की रातों में से एक रात शबे कद्र कहलाती है जो बहुत बरकत और खैर की रात है। कुरान शरीफ में उसको हजार महीनों से अफ्जल बतलाया है। हजार महीने के 83 बरस चार माह होते हैं। खुशनसीब है वो शख्स जिसे इस रात की इबादत नसीब हो जाए। जो शख्स इस एक रात को इबादत में गुजार दे, उसने गोया 83 बरस चार माह से ज्यादा जमाना इबादत में गुजार दिया।

हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में निवासरत भारतीय सेना के रिटायर फौजियों ने शबे कद्र पर एक अनूठी पहल की। रिटायर्ड कैप्टन मोहम्मद जमाल सिद्दीकी के मार्गदर्शन में एक्स आर्मी ग्रुप ने देश का नाम रौशन करने के बाद समाज को रौशन करने मुहिम शुरू की है। शेर ए खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड के इमामो ख़तीब अल्लामा मौलाना हाफ़िज़ ताज़िम अहमद जामई की कौम के लिए खिदमत को देखते हुए शबे क़द्र की रात अनूठा तोहफा देने पहल की।

# एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी बनेंगे अतिथि व्याख्याता, आदेश जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी युवाओं को अतिथि व्याख्याता बनाने आदेश जारी कर दिया है। इससे एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई कर चुके युवाओं में हर्ष है। दशक भर पहले इस विषय की पढ़ाई शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाने वाले और बाद में एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी युवाओं को शासकीय सेवाओं में भर्ती की मांग करने वाले साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने इस पर संतोष जताया है।



पारकर ने कहा है कि-सब काम होवत हे साय साय। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से एमए छत्तीसगढ़ी कर चुके युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी। इस संदर्भ में पारकर ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कवर्धा में मुलाकात की और शासन का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन ने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति करने 3 अप्रैल को आदेश जारी किया है। उच्च शिक्षा संचालनालय आयुक्त शारदा वर्मा के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में राज्य के समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों से कहा गया है कि एमए छत्तीसगढ़ी विषय के अध्यापन हेतु छत्तीसगढ़ी विषय में ही स्नातकोत्तर की योग्यता रखने वाले आवेदकों को अतिथि व्याख्याता के तौर पर चयन की कार्यवाही की जाए। इसे आवश्यकता अनुसार विश्वविद्यालय के भर्ती नियमों में यथा स्थान संशोधन की कार्रवाई भी की जाए। उल्लेखनीय है कि दुर्गा प्रसाद पारकर को एमए छत्तीसगढ़ी के प्रवर्तक के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने दशक भर पहले यह मांग उठाई थी। जिसके बाद राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों में एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई शुरू करवाई थी।

वर्तमान में पारकर का लिखा उपन्यास 'बहू हाथ के पानी' हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के एम .ए. हिन्दी और हरिशंकर परसाई के व्यंग्य 'मन के संग्रह' का छत्तीसगढ़ी अनुवाद 'सुदामा के चाँउर' पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एम.ए.छत्तीसगढ़ी के पाठ्यक्रम में शामिल है। पारकर ने बताया कि उनके गद्य साहित्य के विश्लेषणात्मक अध्ययन पर शिवांगी पाठक पीएचडी कर रही हैं। पारकर ने छत्तीसगढ़ शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950